आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 20 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-052 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवान को लगी गोली

गरियाबंद,20 मई। गरियाबंद सिमा से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. इस मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग में एसओजी जवान के गर्दन में गोली लगी है. जिससे जवान लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आनन फानन में जवान को गरियाबंद जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रायपुर रेफर कर दिया गया है. वहीं नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है. मिली जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले के कांवर भौदी से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य के शिवनारायणपुर गांव में देर रात जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. इस दौरान नक्सलियों के क्रॉस फायरिंग में एक जवान के गले में गोली लगी है जो अभी भी फंसी हुई हैं. घायल एसओजी जवान का नाम प्रकाश साई बताया जा रहा है. जवान ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का है. घायल जवान को रायपुर रेफर किया गया है. मुठभेड़ स्थल में सर्चिंग जारी है. वहीं रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है.

पटरी से उतरी मालगाड़ी की बोगी

रायगढ़,20 मई. घरघोड़ा थाना क्षेत्र से बड़ी घटना सामने आई है. जहाँ आज सुबह 7 :30 बजे कोयला से भरी मालगाड़ी पटरी से उतर गई है । जानकारी अनुसार मालगाड़ी कोयला लोड करके घरघोड़ा बरौद रेलवे साइडिंग से सुबह 7 बजे राजस्थान के लिए जा रही थी । निकलने के बाद साइडिंग से कुछ दूर बाद 7.30 बोगी पटरी से उतर गई । बोगी के पटरी से उतर जाने पर अफरा तफरी का माहौल बन गया है । समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की जनहानि होने की सूचना नही मिली है।

एसआई-प्लाटून कमांडर चयन प्रक्रिया 90 दिनों में पूर्ण करने का आदेश

बिलासपुर,20मई। एसआई-प्लाटून कमांडर भर्ती पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने एसआई-प्लाटून कमांडर पद के 370 महिला अभ्यर्थियों की जगह 370 पुरुष अभ्यर्थियों को दूसरे चरण के चयन के लिए 45 दिनों के भीतर आमंत्रित करने के साथ, पत्र जारी होने के 90 दिनों के भीतर चयन प्रक्रिया पूरा करने का आदेश दिया है. बता दें कि प्रदेश में SI और प्लाटून कमांडर के करीब 975 खाली पदों पर भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय ने साल 2021 में वैकेंसी निकाली थी. भर्ती की जिम्मेदारी व्यावसायिक परीक्षा

मंडल को दी गई, जिस पर 17 सितंबर 2021 को आवेदन जमा करने के लिए विज्ञापन जारी किया गया था. पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए साल 2017 में व्यापम ने प्रक्रिया शुरू की थी, जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया. इस वजह से अभ्यर्थियों में आक्रोश भड़क गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया. राज्य सरकार ने 2021 में भर्ती प्रक्रिया शुरू की, लेकिन वह भी अब तक पूरी नहीं हो पाई है. भर्ती के लिए प्रारंभिक एग्जाम लिया गया और मेरिट सूची जारी की गई. व्यापम ने मुख्य परीक्षा के पहले ही आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए कैटेगरी वाइज सूची जारी कर दी, जिसके कारण जनरल कैटेगरी के बहुत से उम्मीदवारों के नाम सूची में नहीं आ सके. व्यावसयिक परीक्षा मंडल की ओर से जारी सूची को चुनौती देते हुए जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों ने वकील के जरिए हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी.

2 पूर्व विधायक सहित 11 बीजेपी नेताओं को कुमारी सैलजा ने भेजा मानहानि का नोटिस

शुक्ला ने किया पलटवार, कहा- डरेंगे नहीं, सनातन रक्षक हैं

रायपुर,20 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव के बीच में सियासी वार और पलटवार अब कानूनी नोटिस तक जा पहुंचा है. ताजा मामला कुमारी सैलजा से जुड़ा है, जिनके खिलाफ हरियाणा के सिरसा में प्रचार कर रहे 2 पूर्व विधायक सहित 11 भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है. नोटिस में सैलजा के समर्थक ने भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाते हुए 2 दिन में आरोप साबित नहीं कर पाने पर माफी मांगने की बात कही है. दरअसल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पूर्व प्रभारी कुमारी सैलजा हरियाणा के सिरसा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं, जिनके खिलाफ प्रचार के लिए भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाले नेताओं को भेजा है. प्रचार के दौरान भाजपा नेता कुमारी सैलजा पर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान लेन-देन करने के सीधे आरोप लगा रहे हैं, जिस पर कुमारी सैलजा के समर्थक अजय चौहान की ओर से भाजपा नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है.

जिन भाजपा नेताओं को नोटिस भेजा है, उनमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व महापौर वाणी राव, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिता रावटे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू, पूर्व प्रदेश ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर, उषा पटेल, आलोक पाण्डेय, अजय बंसल और अरुण सिंह शामिल हैं.

नोटिस पर चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि हम कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के क्षेत्र सिरसा में प्रचार के लिए आए हैं. छत्तीसगढ़ से भाजपा के 11 नेताओं की टीम प्रचार कर रही है. हमने जो बातें कही है, वो सब छत्तीसगढ़ में घटित हुई है. हम किसी नोटिस से डरने वाले नहीं है. हम सनातन के रक्षक हैं. कानूनी रूप से नोटिस का जवाब दिया जाएगा

उन्हें मानना चाहिए कि उनके संरक्षण में क्या हुआ

मानहानि नोटिस पर डिप्टी सीएम का पलटवार

रायपुर,20 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा के समर्थक द्वारा 11 भाजपा नेताओं को भेजे गए नोटिस को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उन्हें मानना चाहिए कि उनके संरक्षण में पार्टी में क्या हुआ. ईडी ने अपने प्रेस नोट में सबकुछ स्पष्ट कर दिया है. महादेव सट्टा एप, कोल घोटाले को नकारा नहीं जा सकता. यह केंद्र सरकार के संरक्षण में नहीं हुआ था. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में भूपेश बघेल के नक्सलियों वाले बयान पर कहा कि भूपेश बघेल ने 29 नक्सलियों के मारे जाने पर भी सवाल उठाया था. उन्हें सोच-समझ कर बयान देना चाहिए. उन्होंने आत्मानंद स्कूल को लेकर भी सवाल उठाए थे. उन्हें जानकारी ले लेनी चाहिए, फिर बोलना चाहिए.

वहीं मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने पर विजय शर्मा ने कहा कि जो एनकाउंटर हो रहे हैं, वो सरकार के अभियान का 20त्न भी नहीं हैं. सारा अभियान सामाजिक पक्ष, पुनर्वास, विक्टिम रजिस्टर का है. एनकाउंटर करना सरकार का भाव कभी नहीं हैं. सरकार बातचीत करके ही समाधान करना चाहती है. सरकार काली छाया को बस्तर से हटाना चाहती है. इसके साथ ही (नक्सली) पुनर्वास नीति में बदलाव को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि पुनर्वास नीति में बदलाव होगा, इसके विषय में जगदलपुर जा रहा हूं. नक्सलियों से बात की जाएगी, क्या मुद्दा हैं. सभी लोगों से बात करके कच्ची पुनर्वास नीति भी ला रहे हैं. विक्टिम रजिस्टर भी बना रहे हैं. इसका परिणाम सभी को थोड़े दिन बाद देखने मिलेगा.

वहीं CGPSC गड़बड़ी के कुछ आरोपियों के विदेश भागने के सवाल पर विजय शर्मा ने कहा कि विदेश भागने से कुछ थोड़ी ना होता है. अपनी ज़मीन और संपत्ति लेकर थोड़ी गए हैं. सीबीआई की जांच में अगर अपराध संस्थित होता हैं, तो उसके बहुत सारे तरीक़े हैं. वहीं एसआई भर्ती को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि इसमें तीन-पांच दर्जन पीटीशन दायर हुए हैं. हमारे लिए उसका निर्णय कर पाना बड़ा मुश्किल है, इसलिए हमने कोर्ट को कहा हैं कि जो निर्णय आपको सही लगे आप कर लीजिए. जैसा आप कहेंगे हम कर लेंगे. पांचवें चरण के मतदान को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि मैं ओडिशा गया था प्रचार के लिए, वहां परिवर्तन की लहर है. ओडिशा की सरकार को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है. केंद्र सरकार की ओर से जो चावल प्रदान किए जाते सिर्फ वही जनता को दिए जाते हैं, राज्य सरकार इसमें कुछ नहीं करती है. चार जून के बाद कांग्रेस का क्या होगा इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में चालीस के पार नहीं जाने वाली है. इन्होंने चुनाव लड़ा ही नहीं है.

पिकअप पटलने से 15 मजदूरों की मौत

कवर्धा,20 मई। कुकदुर थाना क्षेत्र के दुर्गम इलाके में आज दोपहर पिकअप वाहन पलटने से 15 मजदूरों की मौत हो गई है। सात मजदूर घायल हो गये हैं। बताया जाता है कि ये मजदूर तेंदूपत्ता तोड़कर वापस आ रहे थे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया तथा खाई में गिर गया। वाहन के परखच्चे उड़ गये हैं। मजदूरों के शव इधर-उधर बिखर गये। यह इलाका घने जंगल वाला है। लिहाजा तत्काल मदद भी नहीं पहुंच पाई। स्थानीय लोग किसी तरह घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रशासनिक मदद नहीं पहुंच पाई थी।

आईआईटी में प्रवेश के लिए फर्जी गेटपास बनाने वाले दो बंदी

■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई,20 मई. जेवरा सिरसा चौकी अंतर्गत कुटेलाभाटा स्थित आईआईटी में प्रवेश करने लोगों को फर्जी गेटपास उपलब्ध करवाने वाले गिरोह की जानकारी पुलिस को मिली है एक मामला सामने के बाद जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की और जांच शुरू की और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है इसमें फर्जी गेटपास बनाने वाले के साथ ही एक फर्जी गेटपासधारी भी शामिल है दोनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि आईआईटी के कुलसचिव डा. जयेश चंद्र एस पै ने इस मामले की पुलिस से शिकायत की थी इसके आधार पर गौरव साहू नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी की गई थी जांच में पता चला कि गौरव साहू पूर्व में आईआईटी में ठेका श्रमिक

के रूप में काम करता था और अभी वहां से उसका काम छूट गया था वह फिर से आइआइटी में घुसना चाहता था आईआईटी में प्रवेश के लिए गेटपास की जरूरत थी तो उसने कोहका निवासी महेंद्र सिन्हा से संपर्क किया। महेंद्र फोटोग्राफी का काम करता है और स्कूली बच्चों का आइ कार्ड भी बनाता है गौरव के कहने पर महेंद्र ने आइआइटी का लोगो और अन्य जानकारी निकालकर एक गेटपास कार्ड डिजाइन किया और गौरव को भेज दिया।गौरव ने उस कार्ड की कापी आईआईटी के एक गार्ड को भेज दी गार्ड ने फर्जी गेटपास कार्ड देखा तो आईआईटी प्रशासन को इसकी जानकारी दी इसके बाद ये मामला पुलिस तक पहुंचा पुलिस ने मामले की जांच की और फर्जी गेटपास बनाने वाले महेंद्र सिन्हा (35) और फर्जी गेटपासधारी गौरव साहू को गिरफ्तार किया दोनों आरोपित कोहका के ही रहने वाले हैं जांच में ये भी पता चला कि एक कार्ड बनाने के बाद आरोपित महेंद्र सिन्हा ने और भी कुछ लोगों से संपर्क किया था कि यदि वे चाहें तो वे भी आईआईटी का फर्जी गेटपास बनवा सकते हैं दोनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है. जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे ने बताया कि आरोपित महेंद्र सिन्हा ने अभी एक ही गेटपास कार्ड बनाया था उसके बारे में पता चलते ही पुलिस ने मामले की जांच की और कार्ड बनाने वाले महेंद्र सिन्हा के साथ ही कार्ड बनवाने वाले गौरव साहू को गिरफ्तार कर लिया है दोनों आरोपितों को जेल भेजा गया है खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

खारून नदी,महादेव घाट
एनीकट पर खतरों के खिलाड़ी

संविधान शासन करने का सबसे बड़ा ग्रंथ : मोदी

नई दिल्ली,20 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान संविधान में संशोधन को लेकर कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के खिलाफअपना हमला तेज करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार की चार पीढ़ियों ने समय-समय पर भारतीय संविधान का अपमान किया है। प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित गांधी परिवार के चार सदस्यों ने अपने राजनीतिक लक्ष्यों के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ किया। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान के साथ खिलवाड़ करने वाला पहला व्यक्ति यही परिवार है। पंडित नेहरू ने किया। वह पहला संशोधन लाए, जिसका उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करना था। तब उनकी बेटी (इंदिरा गांधी) ने एक संशोधन लाकर अदालत के फैसले को पलट दिया। उन्होंने अपना पद बचाने के लिए 'आपातकाल' लगाया। फिर उनके बेटे (राजीव गांधी) ने आकर शाह बानो के फैसले को पलट दिया। उन्होंने संविधान बदल दिया। उन्होंने मीडिया पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने 2013 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति फाड़ने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने अध्यादेश वापस ले लिया।

मोदी ने कहा कि फिर उनका बेटा (राहुल गांधी) आया। संविधान के अनुसार बनी कैबिनेट ने फैसला लिया और एक 'शहजादा' ने आकर कैबिनेट के फैसले को सरेआम फाड़ दिया। बाद में कैबिनेट ने भी अपना फैसला पलट दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में बाबा साहेब अम्बेडकर और संविधान सभा के माननीय सदस्यों के प्रति अत्यंत सम्मान है जिन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसने एक चाय बेचने वाले को प्रधान मंत्री बनने का मौका दिया। यही हमारे लोकतंत्र की ताकत है। मेरे लिए संविधान शासन करने का सबसे बड़ा ग्रंथ है। मैं लंबे समय से भारतीय संविधान का जश्न मना रहा हूं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, सत्ता, पद और प्रतिष्ठा में खोए अन्य राजनेताओं के विपरीत, उनका मानना है कि उनका पद एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश राजनेता सत्ता, पद और प्रतिष्ठा में खोये हुए हैं; मैं उससे बहुत दूर हूं. मेरा मानना है कि एक पद एक जिम्मेदारी है; यह प्रतिष्ठा के लिए नहीं बल्कि अपना जीवन बिताने के लिए है। पीएम मोदी ने देश और भारत के पूर्वी हिस्से में महिला शक्ति को आने वाले 25 वर्षों में भारत की प्रगति के लिए दो निर्णायक कारक करार दिया। उन्होने कहा कि मैं आने वाले 25 वर्षों में भारत की प्रगति के लिए दो निर्णायक कारक देखता हूं। पहला है भारत का पूर्वी हिस्सा, जैसे ओडिशा, झारखंड, बिहार, बंगाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश, जो देश का विकास इंजन बनेगा। दूसरी है हमारे देश की नारी शक्ति और उनका सामर्थ्य किस प्रकार निखर कर सामने आ रहा है। जब मैं कहता हूं कि मैं 3 करोड़ लखपति दीदी बनाऊंगा, तो मेरा मानना है कि मुझे सिर्फअवसर देना है और गांव की बहनें लखपति दीदी बन जाएंगी।

मोदी ने कहा कि लोगों से मुझे जो प्यार और समर्थन मिलता है, वह मुझे अभिभूत कर देता है। किसी राजनेता को जनता का आशीर्वाद मिलना बहुत दुर्लभ है। आज भारत की नारी शक्ति का सामर्थ्य लगातार बढ़ रहा है। उन्हें लखपति दीदी बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। महिलाओं में अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चौथे चरण के चुनाव से साफहो गया है कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि चौथे चरण के चुनाव में INDI गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। अभी जो चरण शुरू हुए हैं, वे हमें 400 पार करने की ताकत दे रहे हैं। मैं आज भी मतदाताओं से कहूंगा कि बड़ी संख्या में वोट करें, जी भर कर वोट करें और देश के लिए वोट करें। हम और भी आश्वस्त होते जा रहे हैं कि अगले चरणों में हम 400 से अधिक सीटों का अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे। इससे पहले दिन में, प्रधान मंत्री मोदी ने पवित्र शहर पुरी में एक रोड शो भी किया। उनके साथ पुरी से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उम्मीदवार संबित पात्रा भी रोड शो में हिस्सा लेते दिखे। पात्रा 2019 में बीजद के पिनाकी मिश्रा से चुनाव हार गए थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के जया नारायण पटनायक और बीजेडी के अरूप पटनायक से है। प्रधानमंत्री सोमवार को ओडिशा और पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर हैं। बाद में उनका ओडिशा के ढेंकनाल और कटक और पश्चिम बंगाल के तमलुक और झाड़ग्राम में दो सार्वजनिक बैठकें करने का कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली,20 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर शोक जताया. रविवार को इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था. इसमें उनका निधन हो गया. हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हुए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोगों के शव दुर्घटनास्थल से मिलने की भी पुष्टि हो चुकी है. राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 63 वर्ष के थे.पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा, इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैयद इब्राहिम रायसी के दुखद निधन से गहरा दुख और सदमा लगा है. भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा. उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना. दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है.

राज्य उपभोक्ता आयोग ने एलआईसी को पाया सेवा में कमी का दोषी

परिवादी को 14 लाख रुपए बीमा धन के साथ मानसिक क्षतिपूर्ति और वाद व्यय देने का दिया आदेश

रायपुर,20मई। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने भारतीय जीवन बीमा निगम को दावा निरस्त कर सेवा में कमी का दोषी पाया है. इसके साथ ही बीमित के नामीनी को बीमा दावा राशि 14,00,000 रुपए के साथ बतौर मानसिक क्षतिपूर्ति 15,000 एवं 3,000 रुपए वाद व्यय देने का आदेश पारित किया है.

नया बाराद्वार निवासी परिवादिनी फुलेश्वरी बाई के पति बुटानु भैना ने अपने जीवनकाल में भारतीय जीवन बीमा निगम की. 8 और 6 लाख की दो पॉलिसियां ली थी. बिमित की मृत्यु के पश्चात नामिनी के तौर पर दर्ज परिवादिनी ने बीमा दावा प्रस्तुत किया था. इसे भारतीय जीवन बीमा निगम ने इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि बीमा धारक ने बीमा प्रस्ताव में पूर्व के इलाज एवं अपंगता के संबंध में गलत जानकारी दी गई थी. जिस पर परिवादिनी ने जांजगीर-चांपा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया था. जिला आयोग के समक्ष बीमा निगम ने वही आधार प्रस्तुत किया, जिस पर दावा निरस्त किया गया था. जिला आयोग ने सुनवाई पश्चात भारतीय जीवन बीमा निगम के दावा निरस्ती को सेवा में कमी का दोषी पाते हुए कुल बीमाधन 14,00,000 रुपए के साथ 15,000 रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति एवं 3,000 रुपए वाद व्यय देने का आदेश पारित किया. जिसे भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा राज्य आयोग के समक्ष चुनौती दी थी. अपील की सुनवाई के दौरान राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया एवं सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने यह पाया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट एवं डॉक्टर द्वारा बीमित के भौतिक परीक्षण उपरांत ही बीमा प्रस्ताव को बीमा निगम द्वारा स्वीकार कर दोनों पॉलिसियां जारी की गई थी. अतः भारतीय जीवन बीमा निगम बीमा दावा हेतु देनदार है.

इस तरह से भारतीय जीवन बीमा निगम की अपील को निरस्त कर जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की पुष्टि करते हुए 45 दिनों के भीतर भुगतान नहीं किए जाने पर उक्त राशि पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देय का आदेश दिया.

10 लाख रुपए रिश्वत लेते सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

भोपाल ,20 मई । मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले की जांच कर रहे सीबीआई अफसर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुआ है। सीबीआई निरीक्षक राहुल राज 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है। मामले में एजेंट सचिन जैन को भी किया गिरफ्तार किया गया है। राहुल राज ने सही रिपोर्ट पेश न करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इंदौर नर्सिंग कॉलेज संचालक समेत कई आरोपी हिरासत में लिए गए हैं।

दरअसल हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने इंदौर, भोपाल, रतलाम में ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की।

वसूली के लिए दर्जनभर से ज्यादा रेप केस दर्ज कराने वाली महिला जयपुर में गिरफ्तार

जयपुर,20 मई। राजस्थान के जयपुर में पुलिस ने अलग-अलग थानों में एक दर्जन से ज्यादा बलात्कार के मामले दर्ज करने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला पर इन मुकदमों के बहाने एक वकील को कथित तौर पर ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठने का आरोप है। डीसीपी (जयपुर पश्चिम) अमित कुमार के अनुसार, पुलिस टीम ने इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, डीसीपी ने कहा कि एक व्यक्ति ने आरोपी महिला के खिलाफशिकायत दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस द्वारा इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 384 (जबरन वसूली) सहित कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था और जांच शुरू की गई थी। अमित कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पैसों के लेन-देन से जुड़े सबूत मिले, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी अमित कुमार कुमार ने कहा कि महिला को अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और हम मामले में आगे की जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, महिला ने पहले भी जयपुर, कोटा और गुरुग्राम के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में अलग-अलग व्यक्तियों के खिलाफ13 बलात्कार के मामले दर्ज कराए हैं। उसने जयपुर में गलत तरीके से रोकने का एक और यौन उत्पीड़न का एक मामला भी दर्ज कराया है। एक अधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये सभी मामले अभी जांच के अलग-अलग चरण में हैं।

सड़क हादसे में आरक्षक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

कवर्धा,20 मई. कबीरधाम जिले में एक ही स्पॉट पर दो हादसे हुए हैं. दर्दनाक हादसे में एक पुलिस जवान की मौत हो गई है. जबकि दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं. जानकारी के मुताबिक बाइक सवार पुलिस आरक्षक खड़े ट्रेलर से टकरा गया. इस हादसे में गंभीर चोट आने से आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पाकर डायल 112 की टीम पहुंची. इस दौरान दो पुलिसकर्मी वाहन के अंदर बैठे थे, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने पुलिस की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में दोनों पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई है. घयलों का अस्पताल में इलाज जारी है. यह मामला कवर्धा थाना क्षेत्र का है. पुलिस से मिली जानकारी के

अनुसार, बीती रात करीब 12 बजे डायल 112 से सूचना मिला की पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतू राम धुर्वे का कवर्धा से करीब 8 किलोमीटर दूर बिलासपुर रोड में बीजाझोरी ग्राम के पास नेशनल हाईवे में खड़ी ट्रेलर आरजे -01 जीडी-0030 से बाइक टकरा गई है. जिसके बाद तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने आरक्षक को मृत घोषित किया है. घटना के बाद मौके पर पेट्रोलिंग वाहन स्कॉर्पियो सीजी 07 एम 3209 में कवर्धा थाना से एएसआई कौशल साहू, 112 वाहन चालक अनिल ठाकुर और आरक्षक विजय कश्यप निर्मित कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने पहुंचे थे. जिसे पोंडी की ओर से आ रही आयशर ट्रक आरजे -29 जीबी - 0234 ने पीछे से ठोकर मार दिया. हादसे में एएसआई कौशल साहू को हाथ में और आरक्षक विजय कश्यप को कंधे में हाथ में चोटें आई हैं. दोनों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों दुर्घटनाकारित वाहनों के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है.

एक नजर

धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई 20 मई। सुपेला थाना क्षेत्र धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी रोहन कुमार लक्ष्मी मार्केट स्थित दुकान से वापस आ रहा था इस दौरान आरोपी नशा उर्फ चिंटू बिना कारण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा हाथ में रखे धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर दिया घटना में पीड़ित के हाथ, कोहनी, गाल, गर्दन में चोट आई है शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी राजीव नगर सुपेला निवासी चिंटू सोनकर उर्फ सिंटू सोनकर उर्फ नशा को गिरफ्तार किया गया

अवैध शराब बेचते दो पकड़ाए

भिलाई 20 मई। छावनी थाना क्षेत्र पुलिस ने दो अलग- अलग मामले में अवैध शराब बेचते दो लोगों को पकड़ा है उनके कब्जे से 62 पौवा शराब जब्त की है छावनी प्रभारी चेतन चन्द्राकर ने बताया कि मुखबीर की सूचना मिली कि अवैध शराब की बिक्री हो रही है सूचना पर पुलिस मौके पर दबिश देकर नितेश देवर उर्फ गबरु (19 वर्ष) निवासी खुर्सीपार और शेख रउफ (65 वर्ष) निवासी कैम्प-2 को पकड़ा दोनों के कब्जे से कुल 62 पौवा बरामद की है।

एक युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

भिलाई 20 मई। जामुल थाना क्षेत्र ग्राम ढौर निवासी एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने के पहले युवक ने छत्तीसगढ़ी मिश्रित हिंदी में सुसाइड नोट लिखा जिसमें उसने अपने माता-पिता और भाई को यह बताया कि उसके पैसे कहां-कहां हैं और आखिर में लिखा कि किसी भी इंसान के दिल अऊ दिमाग से नई खेलना चाहिए सुसाइड नोट से घटना का कारण तो स्पष्ट नहीं हो सका है जामुल थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर निवासी भावेश निर्मलकर (24) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह सेक्टर-नौ अस्पताल में ठेका श्रमिक के रूप में काम करता था। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं इसके बाद उसने लिखा है कि उसका पैसा कहां-कहां पर है। सुसाइड नोट में किसी जितेंद्र भैय्या के पास 20 हजार रुपये होने की बात लिखी है साथ ही आरडी और पीएफ के रुपयों के बारे में भी लिखा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया है परिवार वालों से पूछताछ के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है पैसों के हिसाब की जानकारी देने के बाद लिखा दिल अऊ दिमाग नई खेलना चाहिए ग्राम ढौर का मामला प्राथमिकी कर पुलिस कर रही है जांच।

बिरेभाट में देशी अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

भिलाई, 20 मई। समीपस्थ ग्राम बिरेभाट में अवैध रूप से मदिरा विक्रय का शिकायत प्राप्त होने पर सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल द्वारा प्राप्त शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग के वृत्त दुर्ग आंतरिक उत्तर के अंतर्गत ग्राम बिरेभाट में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी मय स्टॉफ द्वारा 18 मई को तड़के सुबह दबिश दी गई। जिसमें आरोपी अजय नौरंगे पिता दिलीप नौरंगे के कब्जे से 50 नग पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 9 बल्क लीटर तथा बाजार मूल्य 5500 रूपये है, जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) तहत प्रकरण कायम किया गया। आरोपियों पार्वती नौरंगे पति दिलीप नौरंगे के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 3.24 बल्क लीटर एवं बाजार मूल्य 1980 रूपये है, जब्त किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

बोर का कॉपर वायर चोरी करने वाला गिरफ्तार

राजनांदगांव 20 मई। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग आईपीए के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम निरीक्षक सी .आर. चंद्रा के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही का निर्देश प्राप्त हुआ, सूचना करता गणेशी बाई वर्मा सरपंच रुआतला व चार अन्य किसान के आवेदन किया कि उनके खेत में लगा बोर का कॉपर वायर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है लिखित आवेदन पर अपराध पंजीकृत की गई विवेचना के दौरान दिनांक 19. 5.2024 मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी मोहरा पुलिस ने संदिध आरोपियो की घेराबंदी कर शंकरपुर राजनांदगांव से पूछताछ मेमोरेंडम कथन पर आरोपी गणों के पास सेप 7.0 किलो 400 ग्राम तांबा जिसकी कीमत तकरीबन 15000 है को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की गई। और रिमांड पर माननीय कोर्ट के माध्यम से जेल भेजा गया। पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव तथा उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

शालीमार एक्सप्रेस घटना की जांच करेगा एसएजी

- कुमार एवं मिश्रा सहित अधिकारियों की टीम ने लिया घटनास्थल का जायजा
- 3 घायलों में एक को मिली छुट्टी, दो का चल रहा इलाज
- घायल को दी गयी 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 20 मई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में उरकुरा स्टेशन से शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस गुजर रही थी। घटनास्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाये बिना ड्रिलिंग मशीन से रेलवे लाइन के नीचे ड्रिलिंग किया जा रहा था उसी समय ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच बी-4,बी-5,बी-6 के खिड़कियों के कांच टूटने की घटना घटित हुई । जिसमें ट्रेन में चलने वाले ओबीएचएस (सफाई कर्मी) स्टाफ नारायण चंद बाग उम्र 30 साल को एवं एक अन्य यात्री (व्यक्ति) देवारी लाल धीवर उम्र 30 साल के हाथ में चोट आई । एक रेल यात्री उम्र 12 साल जो अपने परिवार के साथ खड़गपुर से एलटीटी की यात्रा कर रहे थे उन्हें आंख के पास चोट आई इन्हें उपचार के उपरांत परिवार सहित विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए रेलवे द्वारा टिकट की व्यवस्था कर भेजा गया । रायपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के 5 मिनट के अंदर डॉक्टर एवं एंबुलेंस की टीम पहुंच गई एवं यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया और घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत बेहतर है। घटना की जानकारी लगते ही रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू रायपुर स्टेशन पर पहुंचे । 10.20 बजे शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के रायपुर पहुचते ही स्टेशन पर कार्यरत सभी कर्मचारी वाणिज्य निरीक्षक, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान तत्परता के साथ यात्रियों की देखभाल में लग गए। घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया एवं अन्य सभी यात्रियों की सरंक्षा की पुष्टि के उपरांत 11:40 बजे रायपुर स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। चोटिल यात्रियों से मिलने नारायणा हॉस्पिटल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा चोटिल यात्रियों से बात की गई उनके परिजनों से बात कर संतुष्टि जाहिर की। रेलवे द्वारा चोटिल यात्रियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा एवं खानपान की व्यवस्था व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए । मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चोटिल यात्रियों को उचित एवं त्वरित इलाज सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुग्रह राशि दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया । तत्पश्चात सरंक्षा एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया साथ ही मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है । इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई। उनके द्वारा यह माना गया की घटना स्थल पर निर्धारित मानकों को अनदेखा कर ठेकेदार द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा था । घटना की विस्तृत जानकारी पूरी जांच होने के बाद दी जाएगी । घटना के विषय में रेल का खंभा गिरने की खबर भ्रामक है। घटना का कारण भूमिगत ड्रिलिंग सॉफ्ट का जमीन से ऊपर आकर रेल कोच से टकराना पाया गया है जिससे यात्रीगण चोटिल हुए हैं । चोटिल यात्रियों में देवारी लाल धीवर ही पाए गए उनके पिता खमन लाल दीवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा अनुग्रह राशि पचास हजार (50000) रुपए सौंपी गई । मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इस घटना की जांच कराने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है। इस हेतु सभी की निर्देशित किया । साथ ही मुख्यालय ने सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के अधिकारियों द्वारा एसएजी लेवल की जांच के आदेश दिए हैं।

नवनिर्वाचित साहू समाज उतई के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 20 मई। नगर साहु समाज उतई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण मां कर्मा भवन उतई में संपन्न हुआ ।शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पी.आर. साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ दुर्ग-ग्रामीण ,अध्यक्षता खिलावन राम साहू अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई , डीकेन्द्र हिरवानी अध्यक्ष, नगर पंचायत उतई, तुला राम साहू उपाध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई, खुमान सिंह साहु की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर साहु,उपाध्यक्ष खूबी राम साहु,महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीति साहु,सचिव गिरीश कुमार साहु ,सहसचिव कुशल साहु,प्रचार सचिव ऋषि साहु,संगठन सचिव साहु,युवा प्रकोष्ठ संयोजक द्वारिका साहु,उपसंयोजक भावेश साहु,महिला प्रकोष्ठ श्रीमती शकुंतला साहु,उपसंयोजिका तामेश्वरी साहु,कर्मचारी प्रकोष्ठ सावंत राम साहु,युवराज साहु,तुलाराम साहु,व्यापारिक प्रकोष्ठ यज्ञ साहु,घनश्याम साहु,नरेंद्र साहु,अरुण साहु,प्रेमनारायण साहु,युवा प्रकोष्ठ सलाहकार डॉ.सुमंत साहु,कला एवम् संस्कृति प्रकोष्ठ सुभाष साहु,खेल प्रकोष्ठ मोहित साहु, कृष्ण कुमार साहु ने पद एवम् साहु समाज के नियमो के अनुसार बगैर भेदभाव के समाज हित में कार्य करने की शपथ ग्रहण किया।शपथ ग्रहण पश्चात आए हुए अतिथियों का श्रीफल व साल देकर सम्मान किया गया तत्पश्चात सभी नवनिर्वाचित साहु समाज के पदाधिकारियों का गुलाल माला से स्वागत सम्मान किया ।शपथ ग्रहण समारोह में सफल मंच संचालन जोहान साहु के द्वारा किया गया और कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट रोहित साहु सामाजिक सलाहकार के द्वारा किया गया आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष सुमंत साहु,चुन्नीलाल साहु ,तोषण साहु,कुंदन साहु, सुमरण साहु,ईश्वर साहु,केशर साहु,घनश्याम साहु,तुलुराम साहु,श्रीमती राधिका हिरवानी, कुमारी बाई साहू,सुकवारों साहु,विजयलक्ष्मी साहु,प्रभा साहु, क्षत्राणि साहु,लीना साहु,प्रेमचंद साहु सहित सैकड़ों की संख्या में साहु समाज के लोग उपस्थित हुए।

अलग-अलग जिलों से मालवाहक आटो चोरी करने वाले पक़ड़े गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 20 मई। अलग- अलग जिलों से मालवाहक आटो चोरी करने वाले एक चाचा-भतीजा मिरोह का पुलिस ने राजफाश किया है। दोनों आरोपितों ने दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र के अलावा रायपुर और बिलासपुर जिले से भी गाड़ियां चोरी की थीं आरोपितों की पहचान होने के बाद पुलिस ने जब उनके घर पर दबिश दी तो पुलिस को देखकर आरोपित चाचा फरार हो गया वहीं भतीजा पकड़ा गया। आरोपित भतीजे ने पुलिस को जानकारी दी कि उन्होंने कुल तीन गाड़ियां चोरी की थी इसमें से एक गाड़ी के चेचिस नंबर को पंचिंग कर बदलवाकर उसे बेच दिया गया है। आरोपितों से तीन गाड़ियां बरामद की गईं, जिनकी कुल कीमत करीब आठ लाख रुपये आकी गई है एएसपी सुखनंदन राठौर और एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पांडेय उतई टीआई मनीष शर्मा ने पूरे मामले का राजफाश किया पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्राम नयापारा खोपली रोड उतई निवासी - विकास कुमार साहू ने तीन मई को उतई थाने में अपनी मालवाहक आटो चोरी होने की शिकायत की थी। उसने पुलिस को बताया था कि गायत्री मंदिर के पास उतई से उसकी आटो सीजी-07 बीडब्ल्यू 2432 को किसी अज्ञात आरोपित ने चोरी कर लिया है शिकायत पर पुलिस ने जब आरोपित की पतासाजी शुरू की तो पास लगे सीसीटीवी कैमरों से दो संदिग्धों का फुटेज मिला। उसके आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान ग्राम घिरघोल थाना पलारी जिला बलौदाबाजार निवासी बिजेंद्र बंजारे और भागी बंजारे के रूप में की पुलिस ने उनके घर पर दबिश दी तो बिजेंद्र (22) पकड़ा गया वहीं उसका चाचा भागी फरार हो गया।

अंधे कत्ल की गुत्थी 12 घंटे में सुलझाई

राजनांदगांव 20 मई। मामलें का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17-05-2024 को ग्राम बिजेतला के ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिला कि होरी लाल उमरे ग्राम बिजेतला के खेत में स्थित सूखे कुंए के अंदर बोरे-कपडे में लपेटकर बंधा हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना पर मौके पर थाना घुमका पुलिस द्वारा घटना स्थल ग्राम बिजेतला पहुंचकर ग्रामीणों की मद्द से कुंए के अंदर से बोरे कपडे आदि में लिपटे हुए शव को कुंए से बाहर निकालने पर अज्ञात पुरूष का शव बरामद हुआ था। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से बोरे में डालकर कुंए में फेंकना पाये जाने से थाना घुमका में मर्ग कायम पश्चात अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 79/2024 धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका स्टाफ एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल अज्ञात मृतक के संबंध में हरसंभव पतासाजी प्रारंभ की गई। पतासाजी के दौरान दिनांक 18-05-2024 को मृतक की पहचान

बेदप्रकाश निर्मलकर उर्फ वेदू पिता मनहरण निर्मलकर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बिजेतला थाना घुमका जिला राजनांदगांव के रूप में हुई। जो कि ग्रामीणों के माध्यम से पता चला कि मृतक वेदप्रकाश निर्मलकर विगत 3 दिनों से लापता है किन्तु मृतक के गुम होने के संबंध में परिजनों द्वारा किसी प्रकार का सूचना थाना घुमका में नहीं दिया गया है। साथ ही जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि मृतक का उसके छोटे भाई बालमुकुंद निर्मलकर, माता, पिता व छोटी बहन के साथ आये दिन लड़ाई झगडा होता रहता था। पूर्व में वर्ष 2022 में मृतक के द्वारा अपने भाई, मां व बहन के साथ मारपीट किया था जिसकी सूचना पर थाना घुमका में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उक्त आधार पर दिनांक 18-05-2024 को मुख्य संदेही बालमुकुंद ऊर्फ पप्पू निर्मलकर पिता मनहरण निर्मलकर उम्र 24 वर्ष निवासी बिजेतला थाना घुमका जिला राजनांदगांव को घुमका पुलिस व सायबर सेल टीम राजनांदगांव द्वारा हिरासत में लेकर हिकमतअमली से पूछताछ किया गया।

बवाल के बाद चौहान ग्रीन वैली पहुंचे विधायक रिकेश सेन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 20 मई। जुनवानी स्थित चौहान ग्रीन वैली में पानी पर बवाल मचने के बाद स्थानीय विधायक रिकेश सेन रविवार को लोगों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से बात की और पानी की समस्या का समाधान कैसे हो सकता है। सोसायटी के लोगों ने विधायक रिकेश के सामने अपनी समस्या रखी और जल्द समाधान किए जाने की मांग की। इस दौरान रिकेश सेन ने निगम की पाइप लाइन से सोसायटी में पानी सप्लाई का आश्वासन दिया। बता दें एक शनिवार को चौहान ग्रीन वैली में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था। लोगों ने सोसायटी प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोला और मटकी फोड़कर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि बीते डेढ़ माह से यहां लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। सोसायटी में मेंटेनेंस के नाम पर हर माह 900 से 1000 रुपए लिए जाने के बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं है। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई घंटों तक सोसायटी में हंगामा होता रहा। लोगों के प्रदर्शन के बाद विधायक रिकेश सेन इस समस्या को संज्ञान में लिया और रविवार को लोगों के बीच पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि सोसायटी में मौजूद सभी घरों को पानी मिलेगा। भिलाई की पाइपलाइन से यहां पानी सप्लाई की जाएगी। सोसायटी में रहने वाले वे सभी जो भिलाई निगम के दायरे में आते हैं और वे सालाना टैक्स पटा रहे हैं वे 6000 रुपए के साथ विधिवत आवेदन कर नल कनेक्शन ले सकते हैं। इसका हर माह 250 से 300 रुपए औसतन बिल आता है जो कि सभी अफोर्ड कर सकते हैं। विधायक रिकेश सेन ने यह भी कहा कि सोसायटी वाले सभी लोग प्रक्रिया शुरू कर दें तो एक साल के भीतर लोगों को नल कनेक्शन मिल जाएंगे। चौहान ग्रीनवेली जुनवानी कॉलोनाइजर द्वारा विकसित कॉलोनी है जहाँ जल आपूर्ति कंपनी प्रबंधन द्वारा किया जाता है । कॉलोनाइजर द्वारा ग्रीनवेली में निगम से पेयजल आपूर्ति के लिए कनेक्शन नहीं लिया गया है। भिलाई निगम जोन आयुक्त जोन 1 नेहरू नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि चौहान ग्रीनवेली कॉलोनी जुनवानी में कॉलोनाइजर चौहान हाउसिंग प्रा.लिमिटेड द्वारा मकान का निर्माण कर रहवासियों को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त कॉलोनी नगर पालिक निगम भिलाई को हस्तांतरित नहीं हुआ है। कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के मूलभूत सुविधा पानी,बिजली, साफ-सफाई, सड़क, सीवरेज की सुविधा उपलब्ध कराना कॉलोनाइजर की पूर्ण जिम्मेदारी है। कॉलोनाइजर द्वारा वर्तमान में चौहान ग्रीनवेली में पेयजल आपूर्ति हेतु नल संयोजन नगर निगम से नहीं लिया गया है। कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी के मकानों में सम्पवेल के पानी को पावर पम्प से सप्लाई किया जाता है। कॉलोनाइजर के माँग पर निगम द्वारा शुल्क लेकर टैंकर से कालोनी में जल प्रदाय किया जाता है। चौहान ग्रीनवेली कालोनी में पेयजल संकट की जानकारी निगम के अधिकारियों के संज्ञान में आने पर मौका निरीक्षण किया गया और मौके पर देखा कि कालोनी में जलापूर्ति की व्यवस्था बाधित पाई गई नागरिकों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रख कर निगम प्रशासन द्वारा तत्काल कालोनी में टेंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की गई।

समाचार संक्षेप

गुरुनाला की सफाई का जायजा लेने पहुंचे नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक

कवर्धा 20 मई। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने आज शाम गुरूनाला में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होनें गुरूनाला में पहुंचकर सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये तथा उन्होनें बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा गुरूनाला सफाई कार्य जल्द से जल्द किये जाने हेतु दिये गये निर्देश का पालन करते हुए अब गुरूनाला में दो चैन माउंटेन मशीन की मदद से सफाई कार्य कराया जा रहा है ताकि समय से पूर्व गुरूनाला सफाई का कार्य पूर्ण हो सके। सफाई निरीक्षण अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, दीपचंद कोचर उपस्थित रहे।

सुपेला अंडर ब्रिज की चित्रकारी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी

भिलाई, 20 मई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के हावड़ा मुंबई में लाइन पर भिलाई पावर हाउस और भिलाई नगर सेक्शन में समपार फाटक क्रमांक 442 सुपेला गेट पर बॉक्स पुशिंग मेथड द्वारा सुपेला रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इस ब्रिज अंडर ब्रिज के निर्माण में अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए इस ब्रिज को निर्मित किया गया है। यह ब्रिज लगभग 32 करोड़ की लागत से बनाया गया वाय शेप ब्रिज हैं। यह ब्रिज साइज में बड़ा है साथ ही 3 पॉइंट्स को जोड़ता है । यह ब्रिज बड़ा होने के साथ बहुत ही आकर्षक पेंटिंग से सुसज्जित किया गया है। अंडर ब्रिज से पानी निकालने के लिए 2 बाई 20 एचपी सबमर्सिबल पंप जो कि डेढ़ लाख लीटर प्रति घंटे की क्षमता से पानी भर फेक सकेगा। इस अंडरब्रिज में पर्याप्त रोशनी हेतु 80 वाट और 100 वाट अंडर रूफ लाइट्स लगाई गई है। सुपेला अंडर ब्रिज बनने से भिलाई दुर्ग आने जाने वाले यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग साबित होगा यातायात सुचारू रूप से संचालित होगा । पी.डब्लू.डी. भिलाई स्टील प्लांट के सहयोग से सबको साथ चलने की पहल पर कार्य कर रहा रायपुर रेल मंडल सुपेला अंडर ब्रिज की एक खास विशेषता यह है कि इस अंडर ब्रिज के निर्माण के समय तीन पीपल के बड़े वृक्षों को जो लगभग 90 से 100 साल पुराने पीपल वृक्ष थे, उन्हें सुपेला अंडर ब्रिज के मार्ग से विस्थापित कर बड़े तरिया, कुम्हारी गौठान, सुपेला में स्थापित किया गया। इस कार्य हेतु वृक्षों के संरक्षण में कार्यरत संस्था की सीईओ फाउंडर मेंबर मिस नेहा बांसोड़ की भूमिका सराहनीय रही। इन वृक्षों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में इस संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही एवं यही संस्था इन वृक्षों की भी देखभाल कर रही हैं। नेहा बांसोड़ ने मास्टर डिग्री वानिकी और वन्य जीवन, पशु संरक्षण कानून में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, आरबोरीकल्चर या ट्री सर्जन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा किया है। पिछले तीन सालों से काम कर रही मिस नेहा बांसोड़ पर्यावरण संरक्षण के लिए जिसमें स्पेशली ट्री कंजर्वेशन ट्री प्रोटेक्शन के लिए काम करती हैं। आज तक 400 से ऊपर वृक्षों का संरक्षण किया है और सबसे बड़ा जो हमारा वृक्ष था जिसकी आयु लगभग 200 वर्ष की है जो रायपुर में शिफ्ट किया है और रेलवे में तिल्दा, बिल्हा, सरोना, मरोदा, दल्लीराजहरा, बालोद और भिलाई नगर में कार्य किया है। जिसमें टोटल लगभग 92 वृक्षों का संरक्षण किया है। अर्बन एरियाज में माइक्रोफोना मतलब जैसे तितली और जुगनू फ्लाइज यह सब पर भी काम कर रही हैं।

नशीले पदार्थो के विरुद्ध कार्रवाई से विभिन्न अपराधों में कमी आई

राजनांदगावं 20 मई। एस.पी. राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत् अवैध शराब, गांजा व नशीले पदार्थो तथा जुआ सट्टा पर की धरपकड़ कार्यवाही किया गया । विगत 05 माह दिनांक 01.12.2023 से 18.05.2024 तक की स्थित में अवैध शराब के 379 प्रकरणों में 389 व्यक्तियों के पास से 2283.51 लीटर देशी/विदेशी शराब कीमती 1222536/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त कार 04 नग, 17 नग मोटरसायकल जप्त किया गया इसी प्रकार अवैध नशीले पदार्थ गांजा के 09 प्रकरणों में 18 आरोपी से 170 किलोग्राम गांजा कीमती 1498500/- एवं परिवहन में प्रयुक्त 02 ट्रक, 02 कार एवं 04 मोटरसायकल जप्त किया गया।

भू-माफिया की दबंगई के सामने प्रशासन नतमस्तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 20 मई। आदिवासी विकास खंड मुख्यालय नगरी के आसपास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। करोड़ों रुपए मूल्य की शासकीय भूमि पर भूमाफिया के द्वारा खुलेआम कब्जा किया जा रहा है, शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से चर्चा आम है कि इस शासकीय भूमि पर अधिकारियों के द्वारा मौखिक रूप से लेनदेन किया गया है,

आपको बता दें कि मामला नगरी से सिहावा जाने वाली सड़क में देवपुर के पास व्यवहार न्यायालय एवं तहसीलदार आवास के सामने व आईटीआई के बाजू में शासकीय भूमि खसरा नंबर 831/1-1.34 एवं 2-0.610 हेक्टेयर भूमि है, इस भूमि पर मनरेगा के तहत तालाब का निर्माण किया गया था जिसे पाट कर कब्जा किया जा रहा है, इस जमीन का बाजार भाव पांच करोड़ रुपया है, गौरतलब है कि इस शासकीय भूमि को समतलीकरण करने सैकड़ो हाईवा मिट्टी और मुरूम का उपयोग किया गया है, इस कार्य में माइनिंग विभाग के बिना अनुमति के व्यवसायिक उपयोग हो रहा है, जिस जगह पर समतलीकरण हो रहा है उस जगह में स्वयं तहसीलदार एवं एसडीएम पहुंचे थे उस वक्त मुरूम ढुलाई कर रहे हाईवा मुरूम खाली कर रहा था इसके बाद भी अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई.जबकि नियमानुसार वाहन मालिक और वाहन के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015, छत्तीसगढ़ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत हाईवा वाहन पर जब्ती की कार्यवाही करना था,

अनुविभाग मुख्यालय में भूमाफियाओं के द्वारा अवैध रूप में भूमि परिवतन किए बगैर अवैध रूप से प्लाटिंग करने का खुला खेल चल रहा है, नगरी तहसील मुख्यालय के चारों दिशाओं में जाने वाली सड़कें धमतरी मार्ग सांकर सिहावा मार्ग में भू माफिया और जमीन दलालों के द्वारा कृषि भूमि को बिना ड्राइवर्सन कराए आवासीय प्लाट में हस्तांतरण कर भूखंड पर मिट्टी भराई कर समतली करण करके प्लाटिंग किया जा रहा हैं, नगरी सिहावा मार्ग में सड़क के दोनों किनारे शासकीय घास भूमि पर मिट्टी फीलिंग करके भूखंड को आवासीय प्लाट बनाकर विक्रय किया जा रहा है, शासकीय जमीनों को भी कुछ दलाल लोग पटवारी सें सांठ-घांठ करके हेरा फेरी करने में लगे हुए हैं, इस तरह से अवैध कब्जे का मुद्दा एक बहुत ही महत्वपूर्ण और चिंता का विषय है

जबकि सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अवैध कार्यों पर रोक लगाने और कार्यवाही करने सार्वजनिक तौर पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी लेनदेन करके अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने में लगे हुए हैं, नगरी-छेत्र में हो रहे इस अवैध कार्यों की उच्च स्तरीय जांच होती है तो अधिकारी और अवैध कारोबारियों के बीच संलिप्तता उजागर हो जाएगा,

एक नजर

फ्लड लाइट क्रिकेट लीग शुरु

डोंगरगांव 20 मई। डोंगरगांव शहर में आज से फ्लड लाइट क्रिकेट लीग की शुरुवात। आईपीएल की तर्ज पर शहर में युवा प्रतिभा प्रोत्साहन संगठन द्वारा आयोजित डोंगरगांव प्रीमियर लीग का आज से आगाज। छःदिनों तक क्षेत्र में क्रिकेट माहौल के साथ क्रिकेट प्रेमियों का मनोरंजन। मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन और संरक्षण में ष्ठक्क सीजन 2 की तैयारी लगभग 25 दिनो से की जा रही है जिसमे डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी पार्टिसिपेट कर रहे है। ष्ठश्चरु के पहले सफल आयोजन से ही खिलाड़ियों में लंबे समय से सीजन 2 की मांग और इंतजार था। जिसे आयोजन समिति क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सुझाव विमर्श में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पहले से और बेहतर आयोजन करने में लगी हुई है।आयोजक टीम के मुख्य संचालक रजत साहू ने बताया कि लगभग 600 से अधिक खिलाड़ियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाए थे।चयन की मुख्य प्रक्रिया ट्रायल और ऑक्शन के माध्यम से हर टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है पिछली बार की तरह इस बार भी 12 ऑनर्स की 12 टीम रहेगी, हर टीम के समर्थन और प्रचार के लिए 12 स्पॉन्सर भी इस बार ष्ठक्क से जुड़े है,निश्चित ही इस बार भी ष्ठक्क सीजन 2 में प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रदर्शन से ष्ठक्क खेलप्रेमियो का मनोरंजन कर एक नया आयाम प्राप्त करेगी

नाली जाम करने वालों से पालिका ने वसूला 3050 रुपए जुर्माना

महासमुंद 20 मई। पालिका ने शहर में नाली जाम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर 3050 हजार रुपए अर्थदण्ड वसूल किया। बरसात के दिनों में वर्षा जल जमा न हो इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका महासमुंद द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र के छोटे बड़े नालियों की सफाई अभियान की शुरुआत की है। नाली के उपर सामान रखकर अवैध निर्माण करने अथवा कचरा डाल कर चोक करने वालो के खिलाफ अर्थदण्ड की कार्रवाई की जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर सफाई कार्य की मानिटरिंग कर रहे है। आवश्यकतानुसार जेसीबी मशीन के साथ सफाई कर्मी से नालियों की बेहतर तरीके से सफाई कराई जा रही है।

राशि ने किया ब्राह्मण समाज की शोभायात्रा का स्वागत

महासमुंद 20 मई। शनिवार को ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने तुमगांव ओव्हरब्रिज के समक्ष फूलों की वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने समाजजनों को परशुराम जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम का साहस, तप और कौशल सभी के जीवन के लिए प्रेरणा है। इस दौरान यात्रा का स्वागत करने वालों में उनके साथ सती चंद्राकर, ममता चंद्राकर, मनीषा भारद्वाज, अरिश, सगन, रोहित, संतोष, कविता अम्बिलकर, अंकित, तरुण, मेहूल उमा, मदना, अभिषेक समेत अन्य मौजूद रहें।

गर्मी में कोरबा के जंगल बने बच्चों के लिए प्राकृतिक प्रयोगशाला

कोरबा 20 मई। गर्मियों में एग्जाम खतम होते ही लोग अपने घर निकल जाते हैं लेकिन कोरबा के जंगलों में एक ऐसा प्रयोग हो रहा जिसमे अलग अलग कॉलेज के बच्चे किताबों में पढ़ने वाले ज्ञान का प्रयोग जंगलों में सीख रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में किंग कोबरा प्रोजेक्ट चल रहा है जिसमे वन विभाग के मार्गदर्शन में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी की अध्ययन दल जंगलों के अलग अलग हिस्सों में इस दुर्लभ जीव किंग कोबरा और उनके रहवास पे अध्यायन कर रही हैं. ऐसे में कोरबा वन मंडल एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसइटी द्वारा प्राकृतिक प्रयोगशाला के तर्ज पर कॉलेज के पढ़ने वाले बच्चों को इस प्रोजेक्ट टीम के साथ जंगलों में विभिन्न शाशनिक विषयों को सीखने का मौका दिया ,पिछले कुछ महीनो में राज्य के अलग अलग विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले जूलॉजी, बॉटनी, मैनेजमेंट आदि विषयों के छात्र आये और किंग कोबरा टीम के साथ कई विषयों को जंगलों में सीखा. जिसमे जीवों की पारिस्तिथिकी, वन्यजीव संरक्षण और उसमे विज्ञानं का महत्व, पेड़ पौधों की पहचान करना, वन्यजीवों और उनके रहवास में सम्बन्ध आदि। इस सजीव प्रयोगशाला में वन विभाग के कर्मचारी वन एवं वानिकी के सम्बन्ध में बच्चों को जमीनी स्तर पर अवगत कराया जो बच्चे अपने पाठ्यक्रम में पढ़ते हैं. नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के एक्सपर्ट्स वन्यजीवों की पहचान करना, किंग कोबरा के साथ साथ अन्य जीवों के संरक्षण पे बच्चों को खिाया. इस प्रोजेक्ट के दौरान बच्चों को स्थानीय समुदायों के साथ मिलने, उनके रहन-सहन और वनों का उनके दैनिक जीवन पर प्रभाव को समझ रहे हैं। गर्मियों में बच्चों को यह प्रयोगशाला पसंद आ रही हैं और कई दुर्लभ जीवों को देखने का मौका मिल रहा, बच्चों का कहना था की किंग कोबरा प्रोजेक्ट उन्हें ऐसा मौका दे रहा की वे मोबाइल और लैपटॉप से अलग होकर कुछ पल प्रकृति की गोद में बिताएं। इसी तर्ज पर 22 मई विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष पर कोरबा वन मण्डल द्वारा एक दिवसीय ठपव क्पअमतेपजल ्सा लेमरू एलीफेंट रिजर्व में आयोजित कर रहीं हैं जिसमें मुख्य आकर्षण रिवर वाक, टेकिंग, बर्ड वाचिंग, औषधीय पौधों की पहचान आदि रहेंगे।

तीन डीजे व धुमाल पार्टी के संचालकों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 20 मई। केन्द्रीय चुनाव आयोग भारत सरकार द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 परिपेक्ष्य में दिनांक 16 मार्च 2024 से सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागु किया गया है, जिसका सभी आम जनता को अनिवार्य रूप से पालन किया जाना है। कि दिनांक 18-19/05/2024 के दरम्यानी रात्रि में डी0जे0 संचालकों एवं धुमाल पार्टियों के द्वारा जिला प्रशासन के बिना अनुमति के आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए देर रात्रि तक अत्यधिक आवाज में डी0जे0 साउण्ड सिस्टम एवं धुमाल बाजा को बजाने से शहर के आम रहवासियों को काफी परेशानियां हो रही थी। जिस पर घटना स्थल पार्रीकला के पास मेन रोड मे श्री शिवम धुमाल पार्टी के संचालक मो0 सफी पिता अब्दुल गफ्फार गौरी उम्र 37 साल साकिन सदर बाजार लक्ष्मी मंदिर के पास थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सी0जी0 08 ए के 3220 मे लगा साउण्ड सिस्टम एवं डिस्कोलाईट व धुमाल एवं घटना स्थल तिरंगा चौक कन्हारपुरी मे साई कृपा धुमाल पार्टी के संचालक रिक्की सोनेकर पिता अजय सोनेकर उम्र 36 साल साकिन गौशाला वार्ड बडी पानी टंकी के पास गोंदिया थाना सिटी कोतवाली जिला गोंदिया महाराष्ट्र के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सी0जी0 08 एल 1026 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा तथा घटना स्थल मानव मंदिर चौक राजनांदगांव के पास से देवभूमि धुमाल पार्टी के संचालक मोनू यादव पिता माखन यादव उम्र 29 साल साकिन जमातपारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप क्रमांक सी0जी0 24 ई 4190 मे लगा साउण्ड सिस्टम डिस्कोलाईट व धुमाल बाजा को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। तीनो डी जे धुमाल संचालको के खिलाफ छ0ग0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4, 15 के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई, डीजे धुमाल संचालको के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ, प्र0आर0 संदीप चैहान, प्र0आर0 चालक मिलन साहू, आर0 रामखिलावन साहू, विष्णु साहू, लिलेन्द्र पटेल, प्रदीप जयसवाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

एचटीपीपी में गहराया कोयला संकट कम लोड पर चल रहीं इकाइयां

कोरबा 20 मई। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में पर्याप्त कोयला आपूर्ति नहीं होने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रतिदिन खपत के अनुरूप कोयला नहीं मिलने से स्टाक का कोयला उपयोग किया जा रहा है। इससे वर्तमान में कोयला स्टाक घट कर मात्र 95 हजार टन रहा गया है। जबकि तीन लाख टन होना चाहिए। विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम स्थित हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) में 210 मेगावाट की चार तथा 500 मेगावाट की एक इकाइ संचालित है। संयंत्र में एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयला आपूर्ति किया जाता है। सभी इकाइयों के परिचालन में रहने पर संयंत्र में प्रतिदिन 20 से 21 हजार टन कोयला की खपत होती है। कन्वेयर बेल्ट से भी 22 से 23 हजार कोयला संयंत्र को आपूर्ति किया जाता है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से संयंत्र में नियमित रूप से कोयला आपूर्ति नहीं किया जा रहा है। मांग के अनुरूप कोयला की आपूर्ति 17 से 18 हजार टन हो रही है। प्रबंधन को स्टाक से कोयला खपत करना पड़ रहा है। इससे स्टाक में कोयला घट कर 95 हजार टन रहा गया है। नियमतरू संयंत्र में 15 दिन का कोयला स्टाक में रहना चाहिए। मात्र चार दिन कोयला होने से प्रबंधन चिंतित हो उठा है और इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन से वार्ता कर रहा है, पर एसईसीएल द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। विद्युत कंपनी प्रबंधन का कहना है कि कोयला आपूर्ति नहीं बढ़ाई गई तो संयंत्र की इकाइयों को बंद करने की स्थिति निर्मित हो सकती है। एचटीपीपी संयंत्र की सभी इकाइयों को कम लोड पर चलाया जा रहा है। 1340 मेगावाट के इस संयंत्र से 977 मेगावाट बिजली उत्पन्न हो रही है। वहीं 500 मेगावाट के डीएसपीएम संयंत्र से 421, मड़वा संयंत्र से एक हजार के स्थान पर 784 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। इस तरह विद्युत कंपनी के पास आइपीपी व सीपीपी मिलाकर कुल 2,365 मेगावाट बिजली है। मौसम में आए बदलाव की वजह से बिजली की मांग में गिरावट आई है और पीक अवर्स में 4,900 मेगावाट की मांग बनी हुई है। सेंट्रल सेक्टर से आबंटित कोटे की बिजली लेकर उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही है। इस वजह से विद्युत संकट की स्थिति निर्मित नहीं हुई। एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने कोयला कम आपूर्ति किए जाने पर बीएमएस कोयला मंत्रालय को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। संघ के उद्योग प्रभारी आरएस जायसवाल का कहना है कि राज्य के संयंत्रों को प्राथमिकता के आधार पर कोयला प्रदान किया जाना चाहिए, पर एसईसीएल प्रबंधन अन्य राज्य के बिजली घरों को महत्व दे रही।

श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया 20 मई। श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर खरसिया में शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारियां जारी है। मंदिर के पुजारी श्री राजू शर्मा ने बताया की कलश यात्रा एवं भव्य शोभा यात्रा दिनांक- 06.06.2024, दिन- गुरुवार शाम 05 बजे एवं ज्योत प्रज्वलित रात्रि 10 बजे तथा पूजन एवं माला जाप व शनिदेव तेल अभिषेक दिनांक- 07.06.2024, दिन- शुक्रवार, हवन पूर्णाहुति एवं दरिद्र नारायण भोजन दिनांक- 08.06.2024, दिन- शनिवार सुबह 09 से 12 बजे तक किया जावेगा। । जिन भक्तगणों को ज्योत के लिए रसीद कटवानी हो वे शनि मंदिर में संपर्क करें। पंडित शर्मा ने क्षेत्रवासियो से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होवें एवं पुण्य के भागी बने।

नियम विरुद्ध कार्य करने का दबाव बनाने पर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

कोरबा 20 मई। सरायपाली परियोजना में नियोजित ठेका कंपनी स्टारेक्स मिनिरल्स द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित करने व नियम विरूद्ध कार्य करने दबाव बनाए जा रहा है। इसके विरूद्ध में ठेका मजदूरों ने एटक के साथ एसईसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपने के साथ ही वार्ता कर कहा कि यदि ठेका कंपनी द्वारा अपने रवैय्या में सुधार नहीं किया जाता है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कोरबा क्षेत्र की पाली ब्लाक में स्थित सरायपाली कोयला खदान में स्टारेक्ट मिनरल्स ठेका कंपनी को काम मिला हुआ है। कंपनी के अधीन कार्यरत अधिकारी व कुछ कर्मी मनमानी करते हुए मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत लंबे समय से प्रबंधन को मिल रही थी। स्थिति यह थी कि एसईसीएल के अधिकारियों के साथ भी इन लोगों द्वारा अभद्रता की जाती रही है। कंपनी की इन हरकतों से नाराज होकर मजदूरों ने एटक के वरिष्ठ नेता दीपेश मिश्रा की अगुवाई में शुक्रवार को एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। बाद में प्रबंधन ने प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि खदान के भीतर काम करने वाले मजदूरों पर नियमों के विपरित काम करने का दबाव बनाया जा रहा है, ऐसा नहीं करने पर उनके साथ गाली गलौच, मारपीट करने के साथ ही जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है। ठेका कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरीके से गैरकानूनी एवं अवैधानिक से कार्य को अंजाम दे रहे है इनको विभागीय सुपरवाइजरों द्वारा हिदायत देने पर उनको धमकाया जा रहा है।

एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि आए दिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेकेदारों के कर्मियों द्वारा खदानों में खान अधिनियम में उल्लेखित प्रविधानों के विपरीत कार्य निष्पादन किया जाता है। वहीं विभागीय सुपरवाइजरों के मना करने के बावजूद ठेका कंपनी के अधिकारी धमकी देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि श्रम संगठन श्रमिकों के हितैषी है और श्रमिकों के जो भी अधिकार मिला है उस न छीना जाए। मिश्रा ने कहा कि एसईसीएल के तहत कोरबा एरिया को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए जो उत्पादन लक्ष्य दिया गया है, उसे पूरा करने में एटक सहयोग देने तैयार है परंतु श्रमिकों के हितों की उपेक्षा न करें। उन्होंने कहा कि 14 मई को सरायपाली परियोजना में अपने कार्य निष्पादन के दौरान कृष्ण कुमार तिवारी, ओवरमेन के साथ स्टारेक्स मिनरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी अभिषेक सिंह ने बदसलूकी की है उसके उपर कार्रवाई की जाए।

तेरापंथ भवन में मनाया गया आचार्य महाश्रमण जी का 50 वां दीक्षा कल्याण

जीवनरूपी अंधेरे को दूर करने वाला गुरु होता है: सुधाकर मुनि

राजनांदगांव 20 मई। तेरापंथ के आचार्य महाश्रमण जी के 50 वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के अवसर पर मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि हम इतनी पदयात्रा करते हैं, गुरु महाश्रमण जी को देखकर हमारी सारी थकान दूर हो जाती है, सारी उदासी दूर हो जाती है। गुरु के मुखारविंद को देखकर मासखमन की तपस्या जैसे पुण्य हमें मिलता है। गुरु पालन करते हैं, पोषण करते हैं और संपोषण भी करते हैं। वे हमारा उद्धार भी करते हैं। इसलिए गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश की संज्ञा दी गई है। गुरु दो शब्दों से मिलकर बना है। गु अर्थात अंधेरा और रु अर्थात अंधेरे को दूर करने वाला। जीवन रूपी अंधेरे को दूर करने वाला गुरु होता है। गुरु का मिलना केवल भाग्य नहीं, सौभाग्य है।

तेरापंथ भवन में महोत्सव में दूर-दूर से पधारे श्रावकों को संबोधित करते हुए सुधाकर मुनि कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम गुरु महाश्रमण जी के अनुसरण में साधना कर रहे हैं। आचार्य तुलसी जी ने भी कहा था कि साधु हो तो मुनि मुदित जैसा हो। उन्होंने मुनि मुदित में आचार्य निष्ठा , मर्यादा निष्ठा,संघ निष्ठा एवं आज्ञा निष्ठा के भाव देखे थे। मोक्ष को पाना आसान नहीं है। गुरु का सांसारिक नाम मोहन था। वे मुनि बने तो मुदित मुनि कहलाए और आचार्य बने तो महाश्रमण हुए। तीनों शब्द का प्रथम अक्षर ÷ म ÷ है। आचार्य महाश्रमण जी सदैव अपने गुरु के प्रति समर्पित रहे। उनका ज्ञान महान है श्रमण के समान है। उनकी वाणी, आहार, दृष्टि ,संयम अनुत्तर है। उनका इंद्री संयम अनुत्तर है।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य के वचन कानों को तृप्ति प्रदान करते हैं। आचार्य ने यदि एक बार भी हमारी ओर देखा तो मन तृप्त हो जाता है। गुरुदेव सब की बात सुनते हैं किंतु यदि पांच शब्द भी कह दे तो वह व्यक्ति भाग्यशाली होता है। गुरु मौन धारण कर अपने मन को चेंज करते हैं। आचार्य महाश्रमण ने जब दिल्ली से अहिंसा और नशा मुक्ति आंदोलन शुरू किया था तो उन्होंने अपने से बड़े सभी साधुओं को वंदन किया था। आचार्य का जीवन आगम की प्रयोगशाला है। उनमें मधुरता, मृदुता एवं उदारता है। उन्होंने कहा कि कल्याणक तीर्थंकरों के मनाये जाते हैं। प्रत्यक्ष में आचार्य के रूप में तीर्थंकर हमारे सामने हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब शीश झुकता है तब तब आशीष मिलता है। मुनि श्री ने कहा कि राजनांदगांव आने के पीछे का कारण गुरु का आदेश था, राजनांदगांव में दीक्षा दिवस मनाना था, उन्होंने यहां के लोगों की भक्ति देखी, यहां के लोगों की उपस्थित प्रशंसनीय है। इससे पूर्व मुनि श्री नरेश जी ने कहा कि आचार्य महाश्रमण जी गुणों की खान है। समारोह का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल के मंगलाचरण से हुआ।उपस्थितजनों को दुर्ग के संजय चोपड़ा, रायपुर सभा के अध्यक्ष गौतम चंद जी गोलछा, जगदलपुर से पधारे राजकुमार जी लोढ़ा, रायपुर से पधारे इंद्रजीत जी, राजनांदगांव तेरापंथ महिला मंडल की श्रीमती ललिता डढ्ढा,भिलाई के दानमल जी पोरवाल, सिकोसा से आई बालिका युति पारख, तेरापंथ सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेंद्र सुराणा, केसकाल से नरेंद्र जी तातेड, सजा के गोलू गोलछा, रायपुर के नीतीश कुमार, बालाघाट से आई शोभा कोठारी, रायपुर से संपत जी डागा , दुर्ग से दिलीप जी बरमेचा और रायपुर से विनोद जी बरलोटा ने संबोधित किया।टीपीएफ रायपुर ने गीतिका का सामूहिक संगान किया।इसके साथ ही तेरापंथ महिला मंडल राजनांदगांव ने सामूहिक गीतिका का गान किया।

समाचार संक्षेप

लू से बचने प्रशासन व पालिका ने की लोगों से अपील

महासमुंद 20 मई। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के चलते लू तापघात को दृष्टिगत रखते हुऐ नगर पालिका ने लोगों से स्वास्थ्य रखने कीअपील की है। पालिका स्वास्थ्य के साथ पशु-पक्षियों को लू से बचाने के लिए उपाय करने की अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया है कि जिला प्रशासन ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुऐ नागरिकों को लू-तापघात से बचाव कराने के संबंध मे आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए हैं। विदित हो की आने वाले दिनों में भारतीय विभाग द्वारा प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत का तापमान अधिक होने की संभवना व्यक्त की गई है। जिसको देखते हुऐ लोगों को लू से बचाव करने हेतु जागरूक करना अवश्यक हो है। पालिका ने लोगों से भीषण गर्मी से बचने के सलाह के लिए मुनादी के साथ-साथ सड़क पर लगाई गई एलईडी में गर्मी से बचने के उपाय प्रदर्शित करने कहा गया हैं। घर से बाहर निकलते समय सिर पर टोपी या छाता साथ रखें। सूती कपड़े पहनें और शरीर को ढककर रखें। बार-बार पानी पीते रहें और तरल पदार्थो का सेवन करें। धूप में निकलने से बचें, खासकर दोपहर के समय। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई लू से प्रभावित दिखे तो उसे तुरंत छाया में ले जाएं और पानी पिलाएं। यदि कोई लू से गंभीर रूप से प्रभावित है तो उसे तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करें। नगर पालिका ने लोगों से अपील की है कि वे लू से बचाव के लिए उचित सावधानी बरतें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

बाल विवाह को रोकने परिवारजनों को प्रशासन की टीम ने समझाया

महासमुंद 20 मई। परियोजना बागबाहरा, सेक्टर घुंचापाली अंतर्गत 18 मई को ग्राम पंचायत बकमा में बाल विवाह प्रकरण के जाँच के लिए ग्राम के पंच, सरपंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता के साथ टीम बना कर बालिका के घर गृह भेट किया गया। जाँच मे पाया गया कि बालिका कि आयु 17 वर्ष है, जिसका विवाह अभी तय हुआ है। बालिका के परिवार के सदस्यों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के बारे में बताया गया। इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक हानि के बारे मे जानकारी दिया गया व 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही बालिका का विवाह करने के लिए समझाईश दी गई।

आबकारी अमले ने दूधापाली में 11 लीटर महुआ मदिरा जब्त की

महासमुंद 20 मई। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री मोहित जायसवाल एवं सहायक जिला आबकारी श्री उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी वृत्त बसना द्वारा ग्राम दूधीपाली थाना बसना निवासी नोहर सिंह निषाद के आधिपत्य से कुल 11 लीटर महुआ मदिरा कीमत 2200 रुपए जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) का गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बसना नितेश सिंह बैंस के नेतृत्व में आबकारी आरक्षक श्री संजय मरकाम आबकारी टीम बसना, सरायपाली तथा पिथौरा का विशेष योगदान रहा।

जन्म के बाद बच्चा नहीं रोया तो नई पद्धति से हुआ उपचार : डा.नामदेव

कोरबा 20 मई । पैदा होने के बाद बच्चे की रोने की आवाज सुनकर प्रसव को सफल माना जाता है। कोरबा जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद पांच मिनट तक नहीं रोया। चिकित्सकों ने सूझबूझ से अस्पताल में उपलब्ध नए तकनीकी मशीन से उपचार किया तब कहीं जाकर बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी है।

संपादकीय

जो आक्रामक होता है वही जीतता है

राजनीति में खुद आक्रामक रहना और विरोधी को आक्रामक न होने देना भी एक बड़ी सफलता मानी जा सकती है। क्योंकि एक जब आक्रामक होता है तो दूसरे को रक्षात्मक होना पड़ता है। जो रक्षात्मक होता है, उसे आक्रमण का मौका नहीं मिलता है। वह बचाव में लगा रहता है, लोग जो बचाव में लगा रहता है, तो सफाई देता रहता है तो उसकी बात को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते हैं तथा जो आक्रामक हो कर अपनी बात कहता है, उसकी बात को लोग गंभीरता से लेते हैं और मानते हैं कि यह सच कह रहा है। राजनीति में बड़ी सफलता यही तो होती है कि आप की बातें सुनकर जनता उस पर भरोसा करे। चाहे बात आप अपने बारे में कहें या विरोधी के बारे में करें जनता उस पर भरोसा करती है तो माना जाता है कि जनता आपके साथ है, जनता आपके साथ है मतलब जीत आपकी होगी। चुनाव प्रचार में कुछ प्रतिशत जनता को ही तो अपनी तरफ करना होता है। लगभग 80 प्रतिशत वोट तो दलों के पक्के वोट होते हैं। यानी वह जिस दल को वोट देते हैं, उसी दल को वोट देंगे। मुश्किल से 20 प्रतिशत वोट ही फ्लोटिंग वोट माना जाता है यानी ऐसे वोटर जो चुनाव के समय फैसला करते हैं किसे वोट देना है। यही वोट हार जीत में निर्णायक होते हैं। देश में 80 प्रतिशत आबादी बहुसंख्यक की है। हिंदुओं की है। जो इस बहुसंख्यक आबादी को यकीन दिलाने में सफल हो जाता है,अब जीत उसकी तय मानी जाती है। दो चुनाव में भाजपा व मोदी बहुसंख्यक आबादी को प्रभावित करने में सफल रहे, इसलिए दो बार चुनाव में वह जीत चुके हैं। भाजपा चुनाव में ऐसे मुद्दे भी उठाती है जो बहुसंख्यक समाज से सीधे प्रभावित करने वाले होते हैं। जैसे राम मंदिर का मुद्दा । जब तक राममंदिर बना नहीं था तो राम मंदिर निर्माण ऐसा मुद्दा था जिससे बहुसंख्यक आबादी सीधे प्रभीवित होती थी। अब राम मंदिर बन गया है तो भी भाजपा उसे मुद्दा बनने में सफल है। हुआ यह है कि कांग्रेस छोड़ने वाले एक नेता ने अपने इंटरव्यू में खुलासा किया कि कांग्रेस में विचार किया गया है कि उनकी सरकार बनी तो सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में जो फैसला दिया है, उसे पलट दिया जाएगा। यानी इसका यह अर्थ निकाला गया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर राम मंदिर को तोड़ दिया जाएगा। इसी आधार पर पीएम मोदी को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया है और वह निरंतर हमलावर हैं। वही कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है कि वह ऐसा कुछ नहीं करने वाली है, ऊसे ऐसा आज तक कुछ नहीं किया है,वह तो मंदिरों की रक्षक है। भाजपा व पीएम मोदी जानते हैं कि कांग्रेस राम मंदिर निर्माण की विरोधी रही है, वह तो चाहती थी कि जहां पर बाबरी मस्जिद का ढांचा था, वह ढांचा जैसा का वैसा हमेशा बना रहता। इससे उसका मुस्लिम तुष्टिकरण में बहुत आसानी होती थी, अब जहां बाबरी मस्जिद का ढांचा था, उस जगह पर राम लला का दिव्य, भव्य मंदिर बन गया है तो मुसलमान इसके लिए कांग्रेस को ही दोषी मानते हैं क्योंकि बाबरी मस्जिद की रक्षा उसको करनी थी, वह कर नहीं पाई। अदालत में भी वह जीत नहीं पाई। इसके बाद राम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्टा समारोहें का बहिष्कार कर भी कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को खुश करने का प्रयास किया। इसका उल्टा असर भी तो हिंदू समाज पर हुआ है। यानी वह तो मानेगा ही कि कांग्रेस हिंदू विरोधी रही है। राम मंदिर विरोधी रही है। वह मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए देश का विभाजन कर सकती है, शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट सकती है, दिल्ली की सौ से ज्यादा संपत्ति वक्फ बोर्ड को दे सकती है, अपने चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम पर्सनल ला की बात करती है, मुस्लिमों को धर्म के नाम पर आरक्षण देने का प्रयास कर सकती है तो हिंदुओं के पास यह मानने के अलावा कोई चारा नहीं कि कांग्रेस की सरकार बनी तो मुस्लिमों को खुश करने के लिए राम मंदिर पर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी पलट सकती है, राममंदिर को तोड़ सकती है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती है,इसलिए बहुसंख्यक समाज क्यों न माने की उसे सत्ता मिलने पर फिर ऐसा कर सकती है, इसलिए बहुसंख्य तो चाहेगा कि कांग्रेस कभी सत्ता में न आए।

बड़ी उपलब्धि

किशन सनमुखदास भावनानी

भारत का चाबहार बंदरगाह बनाम चीन का ग्वादर बंदरगाह

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ दिनों से पूरी दुनियां केसोशल प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चाबहार व ग्वादर नाम की चर्चा खूब देखने व सुनने को मिल रही है,शुरू में तो मैं स्वयं भी चाबहार और ग्वादर का नाम बहुत दिनों से सुन रहा था परंतु दोनों क्या है उसपर ध्यान नहीं दिया। फिर दिनांक 13 मई 2024 को जब अमेरिकी विदेश विभाग की एक सख्त चेतावनी सुनी जिसमें इस बातपर जोर दिया गया था कि ईरान के साथ व्यापार करने वाली संस्थाओं जिसमें चाबहार बंदरगाह से जुड़े लोग भी शामिल है,को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम का संभावित सामना करना पड़ सकताहै, तो मेरा सटीक ध्यान इस मुद्दे पर गया कि आखिर क्यों बार बार चाबहार और ग्वादर नाम सुनने को मिल रहे हैं, इसपर मैंने फिर आर्टिकल बनाने का निर्णय लिया और मीडिया, रेडियो, टीवी चैनलों पर रिसर्च शुरू किया तो पिछले तीन-चार दिनों में रिसर्च कर पूरी जानकारी निकाली और इसपर आर्टिकल तैयार किया। असल में चाबहार भारत का ईरान में एक बंदरगाह है, व ग्वादर चीन का पाकिस्तान में एक बंदरगाह है व दोनों बंदरगाहों के बीच मात्र 72 किलोमीटर की दूरी है व इससे दुनियां के कई देशों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हित जुड़े हुएहैं,तो यह एक रणनीतिक भूराजनीतिक लॉन्च पैड भी संदर्भित किया गया है,जिसे भारत अमेरिका चीन पाकिस्तान ईरान अफगानिस्तान सहित कई देशों की चिंताएं व बंदरगाहों की समानताओंसे प्रभावित कई दूरगामी रणनीतियां शामिल है। चुंकि अभी वैश्विक स्तरपर चाबहार व ग्वादर बंदरगाहों ने दुनियां का ध्यान आकर्षित किया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के ईरान में चाबहार बंदरगाह वह चीन के पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह में केवल 72 किलोमीटर की दूरी है,रणनीतिक भू राजनीतिक लॉन्च पैड संदर्भित किया जा सकता है। साथियों बात अगर हम भारत का चाबहार बंदरगाह बनाम चीन का ग्वादर बंदरगाह की करें तो, पाकिस्तान में चीन के ग्वादर बंदरगाह और ईरान में भारत के चाबहार,जो केवल 72किलोमीटर की दूरी पर हैं, को क्रमशः चीन और भारत के लिए रणनीतिक भू-राजनीतिक लॉन्च पैड के रूप में संदर्भित किया गया है।दक्षिण-पूर्व ईरान में ओमान की खाड़ी पर चाबहार का बंदरगाह शहर है।सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के मकरान तट पर ओमान की खाड़ी के करीब और होर्मुज जलडमरूमध्य का मुहाना है जहाँ हमको चाबहार बंदरगाह मिलेगा। केवल ईरान के इस बंदरगाह की हिंद महासागर तक सीधी पहुंच है।इन लैंडलॉक देशों में इसे गोल्डन गेट के रूप में जाना जाता है।समानताएँ-दोनों बंदरगाहों का मेजबान देशों पाकिस्तान और ईरान और उन देशों (चीन और भारत) के लिए जो दोनों बंदरगाहों पर शिपिंग कंटेनरों और अन्य सुविधाओं के निर्माण में निवेश करते हैं, दोनों के लिए व्यापक आर्थिक महत्व है।हालांकि, उस क्षेत्र में मौजूद उग्रवाद का स्तर जहां दो बंदरगाह स्थित हैं, उनके बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है।अंतर,एक अलग स्तर पर, भारत और चीन की निवेश सहायता की प्रकृति में कई जटिलताएं हैं जो मेजबान देशों पर उनकी आर्थिक निर्भरता की डिग्री को प्रभावित करती हैं और प्रभावित करती हैं।इसके अतिरिक्त चाबहार के विपरीत जहां भारत से कोई बाहरी जनसांख्यिकीय प्रवाह नहीं है ग्वादर ने बंदरगाह में काम कर रहे चीनी लोगों को समायोजित करने के लिए निपटान निर्माण में वृद्धि देखी है।अफगानिस्तान की स्थिति और प्राथमिकताएं जो मध्य एशिया के लिए इन देशों के भूमि पुल के रूप में कार्य करती हैं, एक अन्य कारक हैं।अपनी समुद्री कनेक्टिविटी के लिए पाकिस्तान के बंदरगाहों पर अपनी निर्भरता के विकल्प के रूप में अफगानिस्तान चाबहार के घटनाक्रम को एक सकारात्मक और लाभप्रद कदम के रूप में देखता है। साथियों बात अगर हम ग्वादर बंदरगाह के साथ जुड़ी पड़ोसी देशों व पश्चिमी देशों की चिंताओं की करें तो,ग्वादर ने पड़ोसी दक्षिण एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत के साथ-साथ पश्चिमी देशों में भी चिंता पैदा कर दी है।पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने की अपनी क्षमता के संदर्भ में। इनमें से कुछ चिंताएं हैं;सामान्य चिंताएं-प्रत्येक राष्ट्र ग्वादर को रणनीतिक रूप से अलग तरह से देखता है।चीन के लिए यह एक महत्वपूर्ण पारगमन मार्ग है जो इसे बीजिंग से दुबई की यात्रा करने की अनुमति देता है।यह चीन को अपने पश्चिमी क्षेत्र को निकटतम बंदरगाह से जोड़ने और विस्तार करने में भी मदद करता है।इस क्षेत्र के राष्ट्र सबसे अधिक चिंतित हैं कि बंदरगाह को सैन्य रूप से रणनीतिक स्थिति में बदल दिया जा सकता है जहां चीन अपना नौसैनिक अड्डा स्थापित कर सकता है।इसके अतिरिक्त चीन उद्देश्यपूर्ण रूप से रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपना रहा है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा में किसी भी संभावित वृद्धि की प्रत्याशा में, अपने चयन के एक पल में नौसेना कार्रवाई को बढ़ावा देने का विकल्प प्राप्त कर रहा है।परिणामस्वरूप पड़ोसी देशों में सुरक्षा की स्थिति और अधिक समस्याग्रस्त होती जा रही है।इसके अतिरिक्त, यह संवेदनशील क्षेत्रीय सुरक्षा प्रणाली को और अधिक जटिल बनाता है।भारत की चिंता,भारत हमेशा चीन की मुखर क्षेत्रीय व्यस्तताओं से परेशान रहा है।प्रचलित सर्वसम्मति यह रही है कि ईरान के चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भारत की भागीदारी ग्वादर में व्यापक निर्माण परियोजनाओं की प्रतिक्रिया है।जबकि ग्वादर एक सैन्य रणनीतिक पहल है, चाबहार केवल एक वाणिज्यिक उद्यम है।चाबहार के लिए खतरे के रूप में देखे जाने वाले ग्वादर के विकास के बारे में चिंता ईरान में भी मौजूद है।ईरानी सरकार ने प्रतिद्वंद्विता पर सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सद्भावना के रूप में ग्वादर और चाबहार के बीच एक कड़ी बनाने का सुझाव दिया है।संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंता-पश्चिम एशियाई क्षेत्र में चीन के भू-राजनीतिक उद्देश्यों को लेकर अमेरिका (अमेरिका) में भी चिंता जताई गई है।हालांकि अमेरिका ने इस संबंध में सार्वजनिक रूप से कोई बड़ी घोषणा नहीं की है, लेकिन वह ग्वादर के घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए है।प्रशांत क्षेत्र में चीनी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंताओं के विपरीत, सामान्य रूप से पश्चिमी हिंद महासागर और विशेष रूप से ग्वादर में चीनी उपस्थिति के बारे में अमेरिका की बेचैनी निचले स्तर पर स्पष्ट है। साथियों बात अगर हम ग्वादर पोर्ट के भू-राजनीतिक प्रभाव की करें तो, भारत ने चीन के एक मोतियों की माला से घिरे होने पर चिंता व्यक्त की है। शत्रुता की स्थिति में,भारत चीनी आयात को जलडमरूमध्य से गुजरने से रोक सकता है।ग्वादर बंदरगाह का विकास ओमान की खाड़ी और अरब सागर में इसकी नौसैनिक सुरक्षा के माध्यम से भारत के ऊर्जा और तेल के आयात के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए खतरा है।अंडमान सागर में भारतीय समुद्री निगरानी केपरिणामस्वरूप पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह में चीनी रुचि बढ़ सकती है।भारत ने चाबहार बंदरगाह विकसित करके जवाब दिया, जो पाकिस्तान में चीन द्वारा निर्मित ग्वादर बंदरगाह से सिर्फ 76 समुद्री मील की दूरी पर है।रूस, मध्य एशियाई राष्ट्रों और अफगानिस्तान के साथ व्यापार संपर्क में सुधार के लिए, भारत ने चाबहार बंदरगाह के निर्माण के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया।चाबहार विशेष आर्थिक क्षेत्र में निवेश के लिए भारत ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां लिंक किए गए पेज में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के बारे में और जानकारी है।चाबहार हाजीगक कॉरिडोर का विकास भारत की प्राथमिकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अफगान सरकार ने भारतीय फर्मों को हाजीगक लौह और इस्पात परियोजना के लिए अनुबंध दिया था। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा।सीपीईसी बेल्ट एंडरोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की एक प्रमुख परियोजना है और इसके तहत राजमार्ग, रेलमार्ग और पाइपलाइन 3, हज़ार किलोमीटर का निर्माण करते हैं। बीआरआई चीनी राष्ट्रपति का एक बहु-अरबडॉलर का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे 2015 में लॉन्च किया गया था।बीआरआई का लक्ष्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के जरिए विश्व स्तर पर बीजिंग के प्रभाव को बढ़ाना है।यह अंततः एक बड़े राजमार्ग और रेल नेटवर्क के माध्यम से दक्षिण पश्चिमी पाकिस्तान में ग्वादर और उत्तर पश्चिमी चीन में झिंजियांग शहरों को जोड़ने का प्रयास करता है।प्रस्तावित परियोजना को काफी सब्सिडी वाले ऋणों द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा जो चीनी बैंक पाकिस्तान सरकार को प्रदान करेंगे।जब 13 नवंबर, 2016 को चीनी कार्गो को ग्वादर पोर्ट पर स्थानांतरित किया गया, तो सीपीईसी ने काम करना शुरू कर दिया, जबकि कुछ महत्वपूर्ण बिजली परियोजनाएं 2017 के अंत तक पूरी हो गईं। साथियों बात अगर हम भारत के चाबहार पोर्ट से अमेरिका को चिढ़ लगने की करें तो, भारत और ईरान के बीचहुई डील सेअमेरिका चिढ़ा हुआ है।अमेरिका शुरू से इसका विरोध करता रहा है. अब एक बार फिर उसने चेतावनी दी है. अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापारिक सौदे करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंध लगाए जाने का संभावित खतरा है, उसने यह भी कहा कि वह जानता है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।भारत ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ईरान के चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। यानें 10 साल तक इसके संचालन कीजिम्मेदारी भारत की होगी।भारत ईरान के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, इससे उसे मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी, ये बंदरगाह 7,200 किलोमीटर लंबा है, इसके जरिए भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई की जाएगी।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जायेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे। महिलाएं आज रसोईघर में व्यस्त रहेंगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा। आज नकारात्मक लोगों से दूर रहेंगे और आलस की स्थिति से बचेंगे तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज बेवजह की आवाजाही अवॉयड करेंगे तो फायदा होगा। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन में सावधानी रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। आपका कोई दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यो को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज घर परिवार की बातों को गहराई से समझने की कोशिश करेंगे। दांपत्य जीवन में शांति का वातावरण बना रहेगा। इस राशि के लवमेट आज घूमने जाएंगे।

कन्या राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। कोई आपके काम की शिकायत कर सकता है। आज किसी से भी उलझने से आपको बचना चाहिए।

तुला राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। अगर किसी विशेष संस्था से जुड़े हैं तो उससे संबंधित गतिविधियों में अपना योगदान अवश्य दें, इससे आपको सुकून मिलेगा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा। बाहर की मसालेदार चीजों को खाने से बचें, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। लवमेट एक-दूसरे के लिए उचित सामंजस्य और सहयोग की भावना रखें। आज आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा। आज आप कुछ जरूरी काम टाल भी सकते हैं। जायदाद से जुड़े कामकाज में सावधानी रखने की जरूरत है।

धनु राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे, इसमें आप सफल भी होंगे। परिवारि के किसी सदस्य को बढ़ी उपलब्धि मिलने से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा7 नए प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्चअधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। अगर किसी वजह से उलझन बनी हुयी है तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे। आज आपको कई जानकारियां मिलेंगी। आप नई चीजें सीखेंगे। दांपत्यजीवन में खुशहाली होगी। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई खुशखबरी मिलेगी।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज किसी समारोह में आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी। आज आपकी सकारात्मक सोच आपके लिये हितकर साबित होगी। अचानक धन लाभ होने की उम्मीद है।

मीन राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा। आज आपके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखना आवश्यक रहेगा।

व्यंग्य

पिलपिलाने वाला पिलास्टिक

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक खूबसूरत छोटे से गाँव में, जो हरे-भरे पहाड़ियों और एक साफ़सुथरी नदी के बीच बसा था। एक समय था जब गाँववाले प्रकृति के साथ मेलजोल से रहते थे। वे ज़मीन पर खेती करते, नदी में मछली पकड़ते, और लकड़ी, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से अपने सामान बनाते थे। लेकिन एक दिन, गाँव के चौराहे पर एक अजीब आगंतुक आया, जो अपने साथ एक चमकदार, रंगीन और पूरी तरह से अपरिचित सामग्री लेकर आयाः प्लास्टिक। वह आगंतुक, एक चालाक सेल्समैन था। जिसका नाम था मिस्टर पॉली एथिलीन, ने अपना स्टॉल लगाया और इस अद्भुत सामग्री के गुणगान करने लगा। महिलाओं और सज्जनों, उसने घोषणा की, प्लास्टिक के चमत्कारों को देखो! यह टिकाऊ, बहुमुखी और हर रंग में आता है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। अपने पुराने तरीकों को अलविदा कहें और भविष्य को अपनाएं! गाँववाले, मिस्टर एथिलीन की बातें सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए और उसके प्लास्टिक के सामान खरीदने लगे। प्लास्टिक की प्लेटें, प्लास्टिक के कप, प्लास्टिक के खिलौने, और यहाँ तक कि प्लास्टिक के कपड़े भी। पहले तो, जीवन में सुधार होता दिखा। प्लास्टिक सस्ता, सुविधाजनक और अटूट लगता था। गाँववाले इस बात पर चकित थे कि उनके नए सामान टूटते नहीं थे और पुराने सामानों की तरह घिसते नहीं थे। समय बीतने के साथ, प्लास्टिक गाँव के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया। मोची ने चमड़े की जगह प्लास्टिक का उपयोग करना शुरू किया, कुम्हार ने प्लास्टिक के बर्तन बनाए, और यहाँ तक कि मछुआरे ने अपनी लकड़ी की नाव को एक चमचमाती प्लास्टिक की नाव से बदल दिया। गाँव फला-फूला, और मिस्टर पॉली एथिलीन को हीरो माना जाने लगा। वह उनकी प्रशंसा में डूबे रहते, हमेशा उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एक नया उत्पाद तैयार रखते। हालाँकि, सभी महान चीजों की तरह, इसके भी अप्रत्याशित परिणाम थे। समस्या का पहला संकेत तब आया जब गाँव की बकरियाँ, जो अपने असंयमित भूख के लिए जानी जाती थीं, प्लास्टिक के थैलों को खाने लगीं। बेचारे जीव बीमार पड़ गए, उनके पेट प्लास्टिक से भर गए जिसे वे पचा नहीं सकते थे। गाँववाले भयभीत। अपनी प्यारे जानवरों को अस्थायी कब्रों में दफ़नाना पड़ा, जिन्हें छोटे-छोटे प्लास्टिक के क्रॉस से चिह्नित किया गया। गाँव की एक बार की साफ़सुथरी नदी बदलने लगी। साफ पानी गंदा हो गया जब प्लास्टिक की बोतलें, रैपर और अन्य कचरे ने इसके किनारे भर दिए। मछलियाँ, जो कभी प्रचुर मात्रा में थीं, गायब होने लगीं, और गाँववाले जो अपनी आजीविका के लिए मछली पकड़ने पर निर्भर थे, संघर्ष करने लगे। वे गाँव के चौराहे पर इकट्ठा हुए, हाथ में प्लास्टिक के जाल लिए, और मिस्टर पॉली एथिलीन से उत्तर की उम्मीद करने लगे। डरिए नहीं! उन्होंने कहा। मेरे पास समाधान है! और एक धूमधाम के साथ, उन्होंने अपना नवीनतम आविष्कार पेश कियाः प्लास्टिक पुनर्चक्रण मशीन। बस अपने अनचाहे प्लास्टिक को इस आधुनिक इंजीनियरिंग के चमत्कार में डालें, और यह इसे कुछ नया और उपयोगी बना देगा! बेचारे गाँववालों ने इस नए उपकरण को अपनाया, और कुछ समय के लिए, ऐसा लगा कि यह काम कर रहा है। पुराने प्लास्टिक को मशीन में डाला गया और यह चमचमाते नए उत्पाद के रूप में निकला। लेकिन समस्या बनी रही। मशीन को ऊर्जा की आवश्यकता थी, और जल्द ही गाँववालों को इसे चलाने के लिए अपने प्यारे जंगल को काटना पड़ा। साफआसमान की जगह धुएँ की एक सतत परत ने ले ली। विडंबना यह थी कि जो चीज़ उन्हें बचाने वाली थी, वही उनकी बर्बादी बन गई। जैसे-जैसे प्लास्टिक का ढेर बढ़ता गया, गाँववालों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। छोटे और बूढ़े सभी अजीब बीमारियों से पीड़ित होने लगे। उनके एक बार हरे-भरे खेत, जो अब प्लास्टिक के कचरे से भरे थे, अब फसलें उगाने में असमर्थ थे। मिस्टर पॉली एथिलीन, यह महसूस करते हुए कि उनके खिलाफ हवा चलने लगी है, ने फैसला किया कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है। एक रात, उन्होंने अपना स्टॉल पैक किया और गायब हो गए, एक प्लास्टिक और निराशा से घिरे गाँव को पीछे छोड़ते हुए। गाँववाले, अब समझदार लेकिन असीम रूप से गरीब, अपने हालात से निपटने के लिए रह गए।

चिंतन

तनवीर जाफ़री

गुलदस्त-ए-हिन्द में फलती फूलती ' विष बेल'

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व यानी लोकसभा का आम चुनाव अपने समापन की ओर अग्रसर है। देश के चुनावी इतिहास में 2024 का चुनाव हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना ज़हर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताक़त इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये ,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये ,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये ,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को 'दैवीय शक्ति ' का स्वामी होने के साथ 'अवतरित' होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो 'गोद ' भी ले लिया है। चुनावी बेला में सत्ता पर क़ब्ज़ा बरक़रार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के ज़हरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि -÷कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोज़र चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है। सपा, कांग्रेस की 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया÷। प्रधानमंत्री

मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ़ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये। एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आख़िर क्या स्रोत है कि -'सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवा देंगे'? यदि कोई स्रोत नहीं तो यह सफ़ेद झूठ और लफ़्फ़ाज़ी सिर्फ़ साम्प्रदायिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास नहीं तो और क्या है ? और उन्हीं के आरोपों से जुड़ा दूसरा सवाल यह कि जब सपा व कांग्रेस को उनके अनुसार 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब मोदी के अनुसार इस पर बुलडोज़र भी चलवा देंगे ? फिर आख़िर ऐसे 'राम विरोधियों ' को निमंत्रण भिजवाया ही क्यों गया ? क्या सिर्फ़इसलिये नहीं कि उन्हें अंदाज़ा था कि वे राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को राजनैतिक रंग में रंगने के इस भाजपा व संघ के आयोजन को अस्वीकार करेंगे और तब इन्हें यह मौक़ा मिलेगा जो आज कहते फिर रहे हैं ? मोदी जी रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को लेकर उन चारों शंकराचार्यों पर क्यों नहीं बोलते जिन्होंने उनका निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और इस आयोजन को भी विधि विधान के विरुद्ध बताया ? आज भी एक शंकराचार्य वे डंके की चोट पर कह रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा पुनः की जायेगी,मंदिर निर्माण अभी केवल 30 प्रतिशत हुआ है और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूरी तरह अनैतिक व अवैधानिक है। परन्तु शंकराचार्य की इन बातों का कोई जवाब नहीं देता जो खुद 22 जनवरी के इस आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बताते रहे हैं ?

पिछले दिनों इसी नफ़रती बयानबाज़ियों की एक और बानगी उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना उस्मानपुर इलाक़े के करतार नगर में तब देखने को मिली जब दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार को उन्हें माला पहनाने के बहाने से उनके क़रीब पहुंचे दो लोगों ने उनपर पहले स्याही फेंकी फिर अचानक थप्पड़ों से हमला भी कर दिया । इसी बीच आम आदमी पार्टी की महिला निगम पार्षद के साथ भी हाथापाई की गई।

निगम पार्षद का आरोप है कि उनके साथ छेड़छाड़ भी की गई है। इस दौरान चार लोगों को चोट भी आई है । बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार व महिला पार्षद से मारपीट करने वाले लोग गोरक्षा दल से जुड़े हुए हैं। घटना की वीडियो में हमलावर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि - 'भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा लगाने वालों का वह यही हाल करेंगे। देश का अपमान वह किसी क़ीमत पर नहीं सहेंगे'। यहां भी सवाल यह है कि टुकड़े तिकडे गैंग की अवधारणा किसने बनाई व प्रचारित की ? जिस कन्हैया कुमार के पूर्वजों का जन्म भारत में ही हुआ हो ,जिसकी मां ने आंगनवाड़ी में काम कर अपने बच्चों की परवरिश की हो,जिसका भाई फ़ौजी और बाप किसान हो उस पर सिर्फ़इसलिये टुकड़े टुकड़े गैंग का लेबल लगा दिया जाये क्योंकि वह वैचारिक रूप से सत्ता का मुखर विरोधी है ? इतना ही नहीं बल्कि उस पूरे जे एन यू को ही बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जाये जिसमें पढ़े अनेक नेता आज मंत्री सांसद व सचिव स्तर के अधिकारी हैं ? और यह आरोप भी उनके द्वारा लगाए जाएँ जो खुद या तो अनपढ़ हैं या फ़र्ज़ी डिग्रियां रखते हैं ? यह आरोप उनके द्वारा लगाए जाएं जिनके पारिवारिक व राजनैतिक वंशजों का देश के लिये बलिदान देने का कोई इतिहास नहीं है ? यह आरोप उनके द्वारा लगाये जायें जो खुद समाज को धर्म जाति क्षेत्र व भाषा के नाम पर लड़वाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाह रहे हों और देश को हिंसा व नफ़रत की आग में झोंकने के लिये प्रयासरत हों ? सवाल यह है कि अनेकता में एकता का दर्शन देने वाले गुलदस्त-ए-हिन्द में गत दस वर्षों से सत्ता व सत्ता की दलाल मीडिया द्वारा जिस 'विष बेल ' को नफ़रत,साम्प्रदायिकता,झूठ.पाखंड व पूंजीवाद से सींचा गया है क्या अब वह फलती फूलती दिखाई देने लगी हैं ?

एग्जाम टिप्सः यूजीसी नेट परीक्षा जून 2024

काउंटडाउनः रणनीति के साथ करें रिवीजन

यूजीसी नेट परीक्षा जून 2024 संपूर्ण भारतवर्ष में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 18 जून से आयोजित की जाएगी।अभ्यर्थियों के पास परीक्षा की तैयारी के लिए लगभग एक महीने कासमय बचा है, इसलिए परीक्षा में सफल होने के लिए उन्हें एक सुनियोजित रणनीति बनानी चाहिए।

परीक्षा में कुछ बदलाव- परीक्षा के तीन उद्देश्यहै- देश के विभिन्न विश्वविद्यालय में पीएचडी के कोर्स में प्रवेश, जूनियर रिसर्च फेलोशिपतथा असिस्टेंट प्रोफेसर योग्यता सुनिश्चित करना, यहपरीक्षा अब पेन पेपर के माध्यम से होगी और 4 वर्षीय यूजी के अंतिम सेमेस्टर विद्यार्थियों को भी मौका मिलेगा।

पाठ्यक्रम को ध्यान में रखना- पेपर-1 पेपर-2 दोनों को बराबर वरीयता देना, अनुभवी लोगों की मदद लें। एक संतुलित अध्ययन योजना बनाएं। इस परीक्षा के लिए सबसे अहम है, पूरा पाठ्यक्रम को ध्यान से पढ़ना, टॉपिक को समझना, यदि कठिनाई हो तो अपने से अधिक अनुभव लोगों की मदद लें ।

परीक्षा की रणनीति

- पूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन करें।
- कांसेप्ट मैपिंग करें।
- की- पॉइंट्स बनाएं।
- पूर्ण एवं खंड वाइस मॉक टेस्ट बनाएं।
- विकल्पों के बारे में जाने।
- चर्चा करें।
- विशेषज्ञों की मदद लें।
- क्विक रिवीजन करें।
- पिछले वर्षों के प्रश्नों को हल करें।
- अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान दें।
- आराम करें और जल्दी रिफ्रेश हो।

मानस कुमार,शोध छात्र, शिक्षा शास्त्रविभाग
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी

एक नजर

निगम में उच्च रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर 20 मई। आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस दिनांक 17 मई को रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की स्वास्थ्य टीम द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के भूतल पर उच्च रक्तचाप के बारे में जनजागरूकता लाने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया । नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने सीएमएचओ कार्यालय की स्वास्थ्य टीम द्वारा निगम मुख्यालय में विश्व उक्त रक्तचाप दिवस पर लगाये गये स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया । आयुक्त ने शिविर स्थल पर चिकित्सक डॉ. अभिषेक से चर्चा की । शिविर में नागरिको का बी.पी., शुगर संबंधी जांच करके चिकित्सक ने नागरिको को चिकित्सकीय परामर्श दिया । चिकित्सक ने नागरिको से अपना उच्च रक्तचाप नियंत्रित रखने कहा एवं जीवन शैली को नियमित रखने का नागरिको को चिकित्सकीय परामर्श दिया।

आयुक्त ने रोहिणीपुरम तालाब की अच्छी सफाई पर संतोष व्यक्त किया

रायपुर 20 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षा पूर्व तालाब की सफाई के अभियान का प्रतिदिन नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 5 के डीडी नगर वार्ड के तहत रोहिणीपुरम तालाब के सफाई के अभियान का निरीक्षण जोन 5 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा की उपस्थिति में किया । नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोहिणीपुरम तालाब में विगत 3-4 दिनों से प्रतिदिन सफाई अभियान प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने रोहणीपुरम तालाब की वर्तमान सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया एवं इसी प्रकार तालाब की सफाई व्यवस्था समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु कायम रखा जाना सुनिश्चित करने कहा । आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरो को नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित सभी तालाब की जोन स्तर पर वर्षा पूर्व समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सुव्यवस्थित सफाई करवाने के निर्देश दिये है।

शंकरनगर हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स के सामने सी एण्ड डी वेस्ट रखने पर ठेकेदार पर जुर्माना

रायपुर 20 मई। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर सुश्री प्रिती सिंह के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक श्री अब्दुल नफीस की उपस्थिति में जनशिकायत प्राप्त होने पर शंकरनगर वार्ड क्रमांक 30 के शंकर नगर में हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स का स्थल निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सी एण्ड डी वेस्ट से संबंधित जनशिकायत सही मिली । इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स शंकरनगर के सामने सी एण्ड डी वेस्ट डालने पर संबंधित ठेकेदार श्री एवीवाय इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 10000 रू. का जुर्माना संबंधित ठेकेदार को भविष्य के लिये कडी चेतावनी देते हुए किया गया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया ।

नगर निगम मार्गो को सुंदर बनाने का प्रयास निरंतर कर रहा

रायपुर 20 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न मार्गो के मार्ग विभाजकों का रंगरोगन कर मार्गो की सुन्दरता निखारने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम द्वारा केनाल लिंकिंग रोड कटोरा तालाब, जेल रोड, मालवीय रोड, जयस्तंभ चैक, शास्त्री चैक, कालीबाडी चैक, ओसीएम चैक सहित विभिन्न मार्गो के मार्ग विभाजको को रंगरोगन कराकर एवं मार्गो को सुव्यवस्थित और सुन्दर बनाने का कार्य प्रगति पर है। इससे मार्गो की सुन्दरता निखर सकेगी । ऐसे मार्ग विभाजको एवं चैक चैराहो को चिन्हित किया गया है, जिनमे पूर्व में कराये गये रंगरोगन एवं पेंट के कार्य उखड़ गये है। उन्हें पेंटिंग व रंगरोगन कराकर सुन्दर स्वरूप देने का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों को उक्त सौंदर्यीकरण के आवश्यक कार्य मानसून की बारिश प्रारंभ होने के पूर्व तेजी से कार्य कराकर पूर्ण करवाने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिये है।

मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की शिनाख्त हुई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 20 मई। जिला सुकमा में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना एर्राबोर, पोलमपल्ली क्षेत्रान्तर्गत कोंटा एरिया कमेटी के इंचार्ज/सचिव वेट्टी मंगडू, एरिया कमांड इन चीप हितेश, मिलिशिया कमांड इन चीप सोड़ी गजेन्द्र, सोड़ी मंजूला, दुर्गे कोसी, दुधी हूंगा व अन्य 15-20 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 17-18.05.2024 की रात्रि में थाना पोलपल्ली से जिला बल की पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम अरलमपल्ली, बंजारापारा, पालामड़गू, तोलनाई, टेटराई व आस-पास क्षेत्र की ओर नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान दिनांक 18.05.2024 के प्रातः लगभग 06:30 बजे ग्राम बंजारापारा के जंगल और नाला के मध्य सषस्त्र नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर पुलिस पार्टी को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही किया गया, दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चली। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर मुठभेड़ स्थल से 01 अज्ञात पुरूष नक्सली का शव जिसकी उम्र लगभग 30-35 वर्ष व शव के पास 01 नग भरमार बंदुक, 01 नग नक्सली पिट्ठू, 01 नग स्टील टिफिन बम, 05 नग डेटोनेटर, 03 नग जिलेटिन रॉड, 01 नग साबुन बम, 02 नग कोर्डेक्स वायर, 01 जोड़ी काली वर्दी, 01 नग बेल्ट, 01 गन टी शर्ट, लाल कपड़ा 01 जोड़ी, 01 नग त्रिपाल, नक्सल साहित्य, एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामाग्रियॉ बरामद की गई।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के माध्यम से दुधी हुंगा पिता दुधी जोगा उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी स्कूलपारा अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा जो नक्सल संगठन में कोंटा एरिया कमेटी अन्तर्गत अरलमपल्ली आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर (ईनामी 1,00,000 /-छ0ग0 शासन द्वारा एवं 10,000/- पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा) के रूप मे किया गया। जो लंबे समय से नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल रहा है।

निगम ने 10 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई

रायपुर 20 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग, जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 के तहत बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियानपूर्वक कडी कार्यवाही करते हुए रोक लगायी गयी । जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड़ एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियान चलाकर रोक लगायी गयी । रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 के जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं जोन 10 कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता श्री योगेश यदु, उपअभियंता श्री अतुल कुमार सिंह, श्री रविप्रभात साहू, की उपस्थिति में श्रीडी एवं श्रमिकों की सहायता से जोन 10 के क्षेत्र में बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास अज्ञात लोगो द्वारा लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को श्रीडी से काटा गया । प्लाटिंग के लिये की गई सभी प्लाटों की डीपीसी को हटाने की कार्यवाही की गई। बनायी गयी नींव को श्रीडी से तोड़ा गया । वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया । वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के जारी कार्य को स्थल पर रोकने की कडी कार्यवाही की गई। इसी क्रम में जोन 1 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव एवं तहसीलदार के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कंवर, सहायक अभियंता श्री सैय्यद जोहेब, उपअभियंता श्री अजीत सिंह राठौर, राजस्व तहसील अमले की उपस्थिति में श्रीडी व श्रमिको की सहायता से जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी । जोन 1 की टीम द्वारा उक्त दोनो स्थानों पर अज्ञात लोगो द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को श्रीडी से काटा गया एवं आवागमन को बाधित किया गया एवं बनायी गयी अवैध नींव को तोडने की कार्यवाही कर अवैध प्लाटिंग पर स्थल पर रोक लगायी गयी ।जोन 1 एवं जोन 10 जोन कमिश्नर ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 10 के बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि और जोन 1 के तहत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। जोन 1 एवं जोन 10 नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर उक्त स्थल की निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी शीघ्र नगर निगम जोन 1 एवं जोन 10 को उपलब्ध करवाने कहा गया है। जानकारी आते ही शासन के अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कडी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

सड्डू पेट्रोल पंप के सामने छत से लटक रही होर्डिंग को काट कर निकाला गया

रायपुर 20 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग एवं सभी जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमो द्वारा अभियंताओं के मार्गदर्शन में रायपुर शहर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गो में लगी हुई विज्ञापन होर्डिंग की मजबूती का निरीक्षण अभियान पूर्वक प्रारंभ किया गया है। जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से आज नगर निवेश मुख्यालय उडनदस्ता द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सड्डू पेट्रोल पंप के सामने लक्ष्मी ट्रेडर्स के ऊपर छत पर लटक रही खतरनाक होर्डिंग को काटने की कार्यवाही की गई। लोधी पारा चैक मोवा में छत पर लटक रही खतरनाक होर्डिंग को काटने की कार्यवाही की गई। ऐसी सभी लटक रही खतरनाक होर्डिंग को चिन्हित करके जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल काटने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। नगर निवेश विभाग मुख्यालय एवं नगर निगम जोनो की नगर निवेश विभाग टीमों ने जीई रोड में मारूती बिजनेस पार्क के पास अनुपम गार्डन के पास, भारत माता स्कूल के पास, एम्स परिसर के पास, टाटीबंध चैक में , जीई रोड में बैंक ऑफ बडौदा, ज्ञान टावर, कबीर नगर चैक कचना, सड्डू सहित विभिन्न स्थानों एवं मार्गो में विभिन्न एजेंसियों द्वारा लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग की मजबूती का निरीक्षण अभियान पूर्वक किया गया । इस दौरान जोन 6 नगर निवेश विभाग ने अभियान के तहत गोकूल नगर क्षेत्र में टूटी मिली विज्ञापन होर्डिंग को श्रीडी से पूरी तरह तोडने की कार्यवाही जनहित में जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से की । सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में लगी विज्ञापन होर्डिंग की मजबूती का निरीक्षण जोनो में नगर निवेश विभाग के अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षण करके किया जायेगा । नगर निगम आयुक्त ने नगर निवेश विभाग के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देशित किया है कि हाल ही में घाट कोपर मुंबई में हुए विज्ञापन होर्डिंग हादसे जैसी कोई भी घटना या हादसा रायपुर शहर में कदापि नहीं होना चाहिए। ऐसा हादसा रायपुर में न हो इसलिए सभी होर्डिंग की अतिशीघ्र जांच उनकी मजबूती के संदर्भ में किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने कहा गया है।

आयुक्त ने वर्षा पूर्व नाला-नालियों की सफाई का निरीक्षण किया

■ **निगम क्षेत्र में वर्षा पूर्व नालो एवं नालियों के स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा**

रायपुर 20 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षा पूर्व नालो एवं नालियों के स्वच्छता अभियान का विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रगति का निरीक्षण निरंतर प्रतिदिन किया जा रहा है। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगर निगम जोन 5 के तहत कुशालपुर रिंगरोड के किनारे महिन्द्रा टेउक्टर कंपनी कार्यालय के पास के बड़े नाले की वर्षा पूर्व जेसीबी एवं मैनुअल सफाई की प्रगति का निरीक्षण जोन 5 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा की उपस्थिति में किया । कुशालपुर रिंग रोड बडा नाला की सफाई जोन 5 स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 सफाई कामगारों की सहायता से करवाने सहित नाले की सफाई जेसीबी मशीन से जारी है। आयुक्त ने नाले की वर्षा पूर्व तेज गति से सफाई करवाने, पोकलेन मशीन की सहायता से नाला सफाई शीघ्र पूर्ण करवाकर सुगम निकास प्रबंधन कायम करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । आयुक्त ने नगर निगम जोन 6 के महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 के क्षेत्र में कुकरी पारा नाला की 15 सफाई कामगारों की सहायता से करवायी जा रही मैनुअल सफाई की प्रगति का निरीक्षण स्थल पर जोन 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजीव शर्मा की उपस्थिति में किया । कुकरी पारा नाला में सफाई करवाकर मैनुअल पद्धति से अब तक लगभग 3 डम्पर कचरा नाले से बाहर निकाला जा चुका है। आयुक्त ने नाला सफाई का कार्य तेजी से पूर्ण करवाकर सुगम निकास कायम करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने सभी 10 जोनो में नालो एवं नालियों की वर्षा पूर्व सुगम निकास कायम करने जारी नाला सफाई के कार्यो को 31 मई 2024 तक सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

समाचार संक्षेप

मानसून 13 जून को बस्तर से होते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा

जगदलपुर 20 मई। बस्तर संभाग में विगत एक सप्ताह से बारिश हो रही है, इससे मई के महिने की गर्मी से राहत मिली हुई है, जिससे इन दिनों बस्तर का मौसम खुशनुमा बना हुआ है। इस बीच रविवार को अंडमान निकोबार में मानसून पहुंच गया है। केरल में 31 मई को मानसून के दस्तक देने के पूर्वानुमान के साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी मानसून की शुरुआत हो जाएगी। वहीं मौसम विभाग के पूर्वनुमान के अनुसार मानसून 13 जून को बस्तर से होते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। मौसम विभाग ने 106 प्रतिशत तक बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून के जगदलपुर पहुंचने की सामान्य तिथि 13 जून है। इस वर्ष 106 प्रतिशत वर्षा की संभावना का मतलब है कि सामान्य से इस वर्ष अधिक बारिश होने की संभावना है। इसका मुख्य कारण एलनीनो है, एलनीनो का प्रभाव कम हो गया है यानी न्यूट्रल कंडीशन पर है। जिसके कारण इस वर्ष अच्छे मानसून की संभावना है। मानसून आमतौर 01 जून को केरल में प्रवेश करता है, इसके बाद यह उत्तर की ओर बढ़ता है, और 15 जुलाई के आस-पास पूरे देश को कवर कर लेता है। उन्होने बताया कि वायुमण्डल में एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से रायलसीमा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है। वर्षा मुख्यतः दक्षिण छग में केंद्रित रहने की सम्भावना है। आने वाले दिनों में नवतपा के साथ प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी।

कलेक्टर ने सुदूर व संवेदनशील इलाकों मे नियद नेल्लानार योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा 20 मई। जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अपने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान नियद नेल्लानार योजना के तहत कामालूर,बासनपुर,झीरका एवं भाँसी पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कहा कि इन इलाकों के गावों में विकास की गति में तेजी लाने और सरकार की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को जोडने नियद नेल्लानार योजना की शुरूआत की गई है। शासन के निर्देशानुसार सुदूर संवेदनशील, पहुंचविहीन एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाने एवम ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर केन्द्र और राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने, के उद्देश्य से÷नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गांव) के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन जैसे अन्य प्रकार की बुनियादी सुविधाए उपलब्ध कराई जाएंगी इसके साथ ही उन्होंनेअ धिकारियों को दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि बीते दिन प्रदेश की प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारिक के द्वारा संभागीय स्तरीय नियद नेल्लानार योजना के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इसी कड़ी में कलेक्टर चतुर्वेदी ने नियद नेल्लानार योजना ग्रामों के भ्रमण में रहे। इस दौरान चयनित ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा सृजित मांगो पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदाय करने हेतु आश्वस्त किया इसके साथ ही उन्होंनेनियद नेल्लानार के ग्रामों में शिक्षण संस्थाओं को शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पूर्व कार्य पूर्ण कराने तथा सभी विभागीय अमलों को शासन की योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यों को त्वरित कार्यवाही करने को कहा, वहीं ग्राम बासनपुर में चल रहे आधार शिविर का भी निरीक्षण किया। जिसमें ग्राम के शत प्रतिशत 0-8 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया। उक्त भ्रमण के दौरान दंतेवाड़ा एसडीएम जयंत नाहटा, कार्यपालन अभियंता ग्रा.यां.सेवा, अनु.अधि.ग्रा.यां. सेवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा सुक्रांति ध्रुव, ग्राम के सरपंच, ग्राम के सचिव आदि मौजूद रहे।

सुकमा 20 मई। अति संवेदनशील क्षेत्रों में नक्सलवाद का भय दिखाकर गरीब आदिवासीयों को अंदरूनी इलाको में कर्मचारीयों द्वारा भ्रष्टाचार का खेल। अघोषित नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का दखल शून्य। इसका फायदा उठाकर इन क्षेत्रों के कर्मचारी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं भ्रष्टाचार। राज्य सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के विकास के लिए राशि तो आबंटित करती है परन्तु यह राशि जाता कहीं और है।

■ **राज्य के 28 जिलों में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 81.83 प्रतिशत विद्यार्थी हुए शामिल**

एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों में दिखा उत्साह

रायपुर 20 मई। आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश भर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया है। विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव श्री नरेन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुए परीक्षा में 29200 छात्र छात्राएं शामिल हुई जबकि 35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियो का तिलक लगाकर स्वागत किया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा।

आदिम जाति विभाग के अधिकारियों ने आज यहाँ बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में सत्र 2024 - 25 में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम आयोजित की गई है। प्रदेश के 28 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के 29200 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई। इसका प्रतिशत 81.83 रहा जबकि 6484 परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल नहीं हुए। कुल 35,684 छात्र छात्राओ ने पंजीयन कराया था। इनमे 17 हजार 411 बालक और 18 हजार 273 बालिका शामिल हैं। एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ द्वारा उक्त संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

ओडिशा में भाजपा के पक्ष में अच्छा वातावरणःसीएम साय

सुंदरगढ़, 120 मई । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के सुंदरगढ़ लोकसभा के अंतर्गत जामपाली में जनसभा को संबोधित किया। सभा के पश्चात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ओडिशा में आज हमारा पांचवा दिन है और बीते दिन नवरंगपुर, कोरापुट, कालाहांडी, बरगढ़, बलांगीर सहित कई लोकसभाओं में जाना हुआ है। ओडिशा में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण है। इस बार परिवर्तन अवश्य होगा। प्रदेश में 25 साल की बीजेडी सरकार को यहां की जनता उखाड़ के फेंकने वाली है। डबल इंजन की सरकार बनाने वाली है। सभी जानते हैं कि मोदी जी तो प्रधानमंत्री बन रहे हैं तो सबको लगता है कि इस बार प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो विकास तेजी से होगा। राहुल गांधी और सोनिया गांधी के एक साथ प्रचार करने के सवाल पर श्री साय ने कहा कि चुनाव प्रचार तो सभी करेंगे लेकिन आज कांग्रेस की क्या दुर्गति है वो पूरा देश देख रहा है। आज देश की जनता का विश्वास कांग्रेस पार्टी खो चुकी है। तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

नक्सलियों ने 26 मई को बंद का किया आह्वान

बीजापुर 20 मई। नक्सलियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने प्रेस वक्तव्य जारी कर 26 मई को बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों द्वारा जारी पर्चे में कहा गया है कि जनवरी 2024 से फासीवादी ऑपरेशन कगार नाम पर हो रहे हत्याकांड एवं नरसंहारों के खिलाफ दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में मई 26 मई को बंद को सफल बनाएं। झूठी मुठभेड़ों, निर्दोष लोगों को जेलों में ठूंसने व झूठे सरेंडरों के विरोध में जन आंदोलन व जनयुद्ध को तेज करने का आह्वान किया गया है। दक्षिण बस्तर के सब जोनल कमेटी के प्रवक्ता समता ने जारी पर्चे में कहा है कि फोर्स की कार्रवाई में उनके 62 लोग मारे गए हैं। केंद्र एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने एजेंडे के अनुसार राज्य में अपनी कठपुतली आदिवासी मुख्यमंत्री के हाथों में आदिवासियों की हत्याएं करवा रही है। बीजापुर जिले में पीडिया में झूठी मुठभेड़ में दस निर्दोषों को मारा गया है। इसके अलावा भी कई अन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा गया है कि मुठभेड़ के नाम पर निर्दोषों को मारा गया है और बाद में उन्हें इनामी बताया गया है। इसके विरोध में 26 मई को बंद का आयोजन किये जाने का फरमान जारी किया गया है।

एक नजर

एक सम्मान उनके लिए जो जीते हैं दूसरों के लिए

धारसीवा 20 मई। गत दिनों रायपुर के होटल सिंघानिया सरोवर पोर्टिको में अंचल के समाज सेवियों को छ ग शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अलावा सुबोध सिंघानिया चेयरमैन सिंघानिया ग्रुप,इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर विधानसभा, द्वारका साहू चेयरमैन रायपुर होम्स व छत्तीसगढ़ के जाने माने भजन व संगीत कलाकार दिलीप षडंगी भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह में बलौदाबाजार के समाजसेवी टिकेंद्र उपाध्याय को उनकी विगत 35 वर्षों से निरंतर की जा रही समाज सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। विदित को कि टिकेंद्र उपाध्याय ने कोरोना काल मे पीड़ितों,पीड़ित परिवारों, कोरोना वारियर्स, स्वच्छता कर्मियों,लॉक डाउन में पुलिस कर्मियों, स्वच्छता सेवकों को उनके कर्तव्य में सहयोग किया और पीड़ितों की सेवा की । इसके अलावा करीब 16 गरीब निर्धन कन्याओं का पूरे रीति रिवाज के साथ विवाह कराया।वे आज भी समाज के वंचित समूह के लिए सतत कार्यरत हैं।यह जानने के बाद मुख्य अतिथि अरुण साव उप मुख्यमंत्री ने टिकेंद्र उपाध्याय का सम्मान करते हुए कहा कि समाज को ऐसे ही स्व स्फूर्त समाज सेवियों व समाज सेवी संगठनों की आवश्यकता है जो निः स्वार्थ भाव से सेवा के क्षेत्र में आगे आएं। टिकेंद्र उपाध्याय सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति के संस्थापक हैं और इसी समिति के तत्वावधान में सेवा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के रतन डहरिया,राजेन्द्र पांडेय,आशीष उपाध्याय,सन्नी साहू,प्राची विनीत उपाध्याय उपस्थित थे। लगभग 150 लोगों को मुख्य अतिथि अरुण साव द्वारा सम्मानित किया गया।

तेंदूपत्ता के नगद भुगतान के लिए ग्रामीणों ने की विधायक, कलेक्टर से मुलाकात

बैंक का चक्कर लगाने से घर में भुगतान मिलना सरल, साल भर ग्रामीणों का लेनदेन न होने के चलते हजारों संग्राहको के खातों में लग जाता है होल्ड

- इस वर्ष जिले में लक्ष्य से अधिक हुवा तेंदूपत्ता का संग्रहण, ग्रामीणों को 11 करोड़ की राशी का होना हर भुगनात

दंतेवाड़ा 20 मई । दंतेवाड़ा जिले के 144 फड़ो में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य लगभग खत्म हो गया है। अब संग्राहको को भरी धूप में कई किलोमीटर की दूरी तय कर अपनी महेनत की राशि को लेने बैंकों का चक्कर काटने एवं हफ़्तों लाईन में लगने का ख़ौफ़ सताने लगा है। दंतेवाड़ा जिले 7 समितियों के माध्यम से 21000 संग्राहको द्वारा करीब 20000 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है। जिसका संग्राहको को 11 करोड़ रुपये दिया जाना है। संग्राहको का कहना है सभी को पता है इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण की 5500.00 रुपये मानक बोरा है। नगद भुगतान होने से हमारा पैसा बहुत ही कम समय मे हमारे हाथों में मिल जाता है। कोई परेशानी भी नही होती। वही खाता में भुगतान होने से सबसे बड़ी समस्या बैंक का चक्कर लगाने, गाँव से रोजाना गाड़ी किराया कर पैसे के लिए बैंक आने, होल्ड लगे खातों को सुधरवाने, कम पढ़े लिखे होने के कारण बैंक स्लिप भरने संबंधी अनेक समस्या होती है।

खेती में सबसे ज्यादा काम आता है तेंदूपत्ता संग्रहण का पैसा

तेंदूपत्ता संग्रहण भुगतान की राशि का उपयोग सबसे ज्यादा खेती-किशानी हेतु एवं बरसात से पहले नागर जोतने संबंधी कार्यो में उपयोग किया जाता है। तेंदूपत्ता का समय पर नगद भुगनात होने पर नागर हेतु ट्रेक्टर आदि के भुगतान में सहायता मिलती है।

विधायक ने दिया नगद भुगतान का आश्वासन

ग्रामीणों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण के नगद भुगतान की मांग पर दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी ने संग्राहको की समस्या को गंभीरता से लेते हुवे कहा कि आपकी मांगो को पूर्ण कराने का भरपूर प्रयाश किया जाएगा। श्री अटामी ने कहा कि मैं खुद तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार से हूं। एवं खाता भुगतान से होने वाली समस्त समस्या से रूबरू हूं। मैं आपकी मांगो को मुख्यमंत्री से अवगत कराऊंगा।

कलेक्टर पहुंचे लैलूंगा, तालाब गहरीकरण का किया निरीक्षण

- शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा का भी किया निरीक्षण

रायगढ़, 20 मई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल विकासखण्ड लैलूंगा के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने पाकरगांव के पंडरीतालाब में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान के बारे में जानकारी ली, श्रमिकों ने बताया कि नियमित रूप से भुगतान मिल जाता है। कलेक्टर श्री गोयल ने उनसे यहां बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी,

डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत भी साथ उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल लैलूंगा के शासकीय उद्यान रोपणी कुंजारा भी पहुंचे। जहां वर्तमान में 21 प्रकार की प्रजाति के आम फसल लगे हुए है। साथ ही यहां लीची फसल का भी उत्पादन किया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे उद्यान परिसर का मुआयना किया और आम फसल की बागवानी को देखकर उद्यान प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने उद्यान में मिस्ट चैंबर एवं हार्डेनिंग चैंबर के मरम्मत हेतु प्राक्कलन तैयार कर जिला पंचायत को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने वहां के स्टाप डेम को भी देखा। उक्त स्टाप डेम के पानी से पूरे उद्यान के पौधों को सिंचित किया जाता है। उन्होंने डेम के माध्यम से पानी की सप्लाई नियमित रूप से करते रहने की बात कही।

समाचार संक्षेप

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उप जेल बीजापुर का औचक निरीक्षण

बीजापुर 20 मई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा श्री विजय कुमार होता ने उप जेल बीजापुर का औचक निरीक्षण कर जेल में बंदियों के बैरक का भ्रमण किया बंदियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं भोजन, चिकित्सा,विधिक सेवा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जेल परिसर में बंदियों के लिए बने भोजन कक्ष, राशन गोदाम एवं राशन की गुणवत्ता की जानकारी ली।एवं जेल की विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत हुए। रिक्त पदों की जानकारी ली इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर श्री ताजुद्दीन कुरैशी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा श्रीमती अपूर्वा दागी, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थे। उक्त जानकारी जेल प्रभारी श्री अश्वनी कुमार शुक्ला सहायक जेल अधीक्षक बीजापुर द्वारा दी गई है।

भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो ने जमशेदपुर लोकसभा के गोविंदपुर मंडल की ली बैठक

कोरबा 20 मई । भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री श्री विकास रंजन महतो लोकसभा चुनाव के अंतर्गत लोकसभा जमशेदपुर (झारखंड) में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मिशन अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने भाजपा प्रत्याशी श्री विधुत वरण महतो जी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने विधानसभा के प्रवासी प्रभारी के रूप में जुगसलाई विधानसभा के गोविंदपुर मंडल पार्टी कार्यालय मे आयोजित मंडल स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। इस बातों को संबोधित करते हुए श्री विकास महतो ने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए कहा कि यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृत्संकल्पित हमारे राष्ट्र नायक श्री नरेंद्र मोदी जी को पुनः दायित्व सौंप कर अपने कर्तव्यपूर्ति का चुनाव है । इस चुनाव में हमें अपने अधिक से अधिक सामर्थ्य का उपयोग करना है । उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में हमें पूरे विश्व का सर्वाधिक शक्तिशाली नेतृत्व के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है हमे यह अवसर को नहीं खोना है प्रत्येक मतदान केंद्र में जाकर प्रत्येक मतदाता से मिलकर हमें पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी देनी है और उनसे हमारे पक्ष में मतदान हेतु अपील करनी है । उन्होंने शक्ति केंद्र एवं मतदान केंद्र स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी 7 दिन के कार्यक्रमों हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया ।

त्रिपुर चारधाम यात्रा समिति के बस चालक ने यात्रियों को जोशीमठ यात्रा के मध्य जबरन बस से उतारा

कोरबा 20 मई। त्रिपुर चार धाम यात्रा समिति कोरबा के संचालकों व प्रबंधन की बड़ी गलती सामने आई है, जिसके अनुसार यात्रा के मध्य में ही यात्री परिवारों को बस से उतार दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिपुर चार धाम यात्रा समिति के वहां चालको द्वारा जोशी मठ के पास 8 यात्रीयो को यात्रा के बीच में ही बस से उतार कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया है। उपरोक्त जानकारी अनुसार 6 यात्री 2 नंबर बस एवम 2 यात्री 6 नंबर बस के है। ये सभी बद्रीनाथ दर्शन जा रहे थे, रास्ते में जोशी मठ के पास बीच रोड में इन्हे जबरन उतार दिया गया है। गौरतलब है कि इस प्रकार की यात्रा समितियां के ऊपर विश्वास करके पूर्व में ही एडवांस पैसा जमा कर दिया जाता है । और इस प्रकार की घटना निश्चित रूप से ऐसे यात्रियों के साथ किया गया विश्वासघात है, अब देखना होगा की ऐसी समिति एवं उनके प्रबंधकों व दोषी कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही होती है ।

मोटर सायकल पेड़ से टकराई, तीन की मौत

रायगढ़ 20 मई। शादी में शामिल होने के लिए शनिवार की देर बाइक में जा रहे तीन युवकों की मोटर सायकल पेड़ से टकरा गई, इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुबरा निवासी तीन युवक विजय भोय, लक्ष्मण चौहान, कुलेश्वर पैंकरा शनिवार की शाम करीब 7 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूएच 6073 से शादी में शामिल होने गेरूपानी जाने के लिये निकले थे। बाईक सवार तीनों युवक कर्राहन के पास पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और फिर तेज रफ्तार बाईक पेड़ से टकरा गई, जिससे बाईक सवार सभी युवक दूर तक छिटक गए और मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों को रविवार की सुबह लगने पर उन्होंने इसकी जानकारी डायल 112 में दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है।

चिर्रा गोठान से गोबर व पेंट खरीदी बंद होने से योजना ठप

- सरकारी निर्माण कार्यों में भी नहीं हो रहा उपयोग

कोरबा 20 मई। चिर्रा गोठान से आत्मनिर्भर हो रही महिलाओं को अब आर्थिक तंगहाली के दौर से गुजरना पड़ रहा है। आजीविका मिशन और रूर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के तहत चल रहे विभिन्न कारोबार ठप पड़ने के कगार में आ गए हैं। 30 लाख का गोबर पेंट बिक्री के अभाव में चार माह से जाम पड़ा हैं। गोबर खरीदी व पेंट की बिक्री बंद होने की वजह से पेंट बनाने की मशीन भी गोठान में उपयोगहीन है।

चिर्रा गोठान को कभी जिला ही नहीं प्रदेश भर में माडल के रूप में देखा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां पहुंच कर स्वयं महिलाओं की पीठ थपथपाई थी। गोठान में अब रीपा योजना के तहत संचालित योजनाएं दम तोड़ने लगी हैं। महिलाओं की आर्थिक दर्शा सुदृढ़ होने के बजाए दिनों दिन दयनीय होती जा रही है। गोठान में कार्यरत चंद्रमुखी महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ललिता राठिया का कहना है कि रीपा के तहत लघु उद्योग महिला चलाना चाहती हैं। बंद हो चुके गोठान योजना को फिर से शुरू किया जाए। गोबर से पेंट बनाने की मशीन साल भर पहले लगाई गई थी। प्रारंभ में इस मशीन से महिलाओं पेंट की बिक्री ढाई लाख रूपये की कमाई की थी। बिक्री बढ़ने के अनुमान पेंट बनाने का काम जारी रहा लेकिन बिक्री नहीं होने के कारण अभी 20 हजार लीटर पेंट गोठान में जाम है। प्रति लीटर 150 रूपये की दर से बिक्री हो रही थी।

गोठान में गोबर खरीदी के अलावा पेंट की बिक्री बंद होने से मशीन भी बंद है। महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ना चाहती हैं। रीपा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रशासन सहयोग करें। गोबर की बिक्री कर घर की सब्जी भाजी के लिए महिलाएं आय अर्जित कल लेती थी, वह भी बंद हो गया है। गोबर से जैविक खाद बनाने काम गोठान में बंद हो चुका है। गोमूत्र से तैयार होने वाली कीटनाशक दवाएं भी बनना बंद हो चुका है। महिलाओं ने बताया कि रीपा की कुछ योजनाएं अभी भी चल रही है। इनमें मसाला कारोबार प्रमुख है। इसके अलावा फ्लाईएश ईंट बनाने का भी काम चल रहा है। कोसा धागाकरण का काम हो चुका है बंद महिलाओं को आर्थिक रूप स्वावलंबी बनाने के लिए गोठान में कोसा धागाकरण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इसके लिए उन्हे बुनियाद मशीन भी दी गई है। कोसा आपूर्ति नहीं होने की वजह से मशीन कबाड़ में तब्दील हो रही है। महिलाओं का कहना है कि धागाकरण के काम को शुरू करने के लिए समूहों को रेशम विभाग कोसाफ्ल की आपूर्ति कराई जाए। कोसा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अर्जुना पौधों की रोपाई की योजना बन रही थी, लेकिन गोठान बंद होने के कारण रीपा की अधिकांश योजनाएं बंद हो चुकी है। रीपा में संचालित उद्योगों के ठप पड़ने के कारण समूह की महिलाएं फिर वनोपज पर निर्भर हो गई हैं। इन दिनों गांव में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम चल रहा रहा है। सुबह से ही महिलाएं पत्ता संग्रहित करने चली जाती हैं। तेंदूपत्ता का सीजन पखवाड़े भर का ही रहता है। इसके बाद महिलाओं को अब सरई संग्रहण का इंतजार है। महिलाओं का कहना है कि वनोपज संग्रहण इतना लाभ नहीं मिल पाता कि घर का जीवकोपार्जन चले। रीपा में स्थापित उद्योगों को सुचारू रूप से संचालित की दिशा प्रशासन से सहयोग की दरकार है।मधुमक्खी पालन व डेयरी योजना में भी लगा ग्रहण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यहां लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मधुमक्खी पालन व डेयरी फार्म की भी शुरूआत की गई थी। कांग्रेस के सत्ता में रहते विभागों सहयोग मिल रहा था। योजनाओं के मूर्तरूप लेने के पहले अधिकारियों के हाथ खड़ा करने के कारण योजनाओं का क्रियांवयन बंद हो गया। गोठानों को चारा से समृद्ध करने के लिए कभी चिर्रा से नेपियर रूट की आपूर्ति होती थी लेकिन गोठानों के बंद होन से यह कारोबार भी बंद हो गया है।

एकलव्य आदर्श विद्यालय की प्रवेश चयन परीक्षा में 1165 हुए शामिल

- जिले के 4 केन्द्रों में कक्षा छठवी में प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा

रायगढ़, 20 मई। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आज प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 1165 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ श्री महेश शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय, आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान द्वारा संचालित रायगढ़ जिले में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चोढ़ा वि.ख.खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी वि.खं.धरमजयगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय धरमजयगढ़ में परीक्षा संपन्न हुई।

आयुक्त ने ली ठेकेदारों की क्लास, पीएम आवास का औचक निरीक्षण,15 दिन में आवासों को पूरा करने दिया निर्देश

दुर्ग 20 मई। नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण का नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया,मोहित मरकाम,प्रीतम एवं ठेकेदारों के साथ निरीक्षण किया। इसके अलावा इस योजना से जुड़े अधिकारियों से जानकारी ली गई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्माणाधीन आवास के संबंध में नोडल अधिकारी व ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता बनीं रहे इस ओर विशेष ध्यान देने कहा। निर्धारित समय सीमा में आवासों का निर्माण पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए गए। ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उक्त आवास का आबंटन पात्रता अनुसार किया जा सके। आयुक्त ने सभी इंजीनियरों से कहा कि वे पूर्व में सौंपे गये दायित्वों के साथ-साथ वर्तमान कार्य का भी संपादन करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवास जैसे गणपति विहार 108 आवास एवम पोटिया रोड 116 आवास को सर्वसुविधा युक्त बनाने आवासों के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं मापदंड के अनुरूप काम पूरा किया जाये, ताकि समय पर इसका लाभ हितग्राहियो को मिल सके। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पोटिया रोड प्रधानमंत्री आवास के ग्राउंड सहित क्षेत्र के आस पास साफ सफाई, समतलीकरण सहित पानी की व्यवस्था हेतु नल कनेक्शन एवं प्रधानमंत्री आवास के सामने फ्रेंसिंग से कालोनी को सुरक्षित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही।उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियो से कहा कि 15 दिवस के भीतर पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन हो सके ऐसा प्रयास करें।उन्होंने गणपति विहार आवास का निरीक्षण करते हुए पानी की व्यवस्था के साथ साथ बिजली के कार्यो को प्राथमिकताओं के साथ पूरा करने कहा। कालोनी में विद्युतीकरण लेटलतीफी को लेकर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की।

समर कैंप से छपोरा के बच्चों की प्रतिभा में आया निखार

- छपोरा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में समर कैम्प आयोजित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 20 मई। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्म अवकाश में बच्चों को शैक्षणिक संस्थानों/शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़े रखने तथा विभिन्न क्रियाकलापों से उनके मनोरंजन के साथ-साथ समय का सही सदुपयोग करने के उद्देश्य से स्कूलों में समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश प्रसारित किये गये है।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में विकासखण्ड पुसौर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में समर कैम्प विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के देखरेख एवं संकुल प्राचार्य विजय कुमार साव व संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता एवं शाला विकास समिति के सहयोग से समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों/गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा, जिसमे मुख्य रूप से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 15 मिनट योग अभ्यास, 15 मिनट का बालिकाओं हेतु कराटे एवं आत्मसुरक्षा का अभ्यास, 15 मिनट नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा, 30 मिनट कंप्यूटर शिक्षा, 30 मिनट पुस्तकालय वाचन, 15 मिनट सांस्कृतिक कार्यक्रम, 30 मिनट सामूहिक गतिविधियों के साथ साथ प्रतिदिवस अलग-अलग गतिविधि जैसे कविता, कहानी, मेहंदी रचाओ, नृत्य, गायन, वेशभूषा पहनो, ड्राइंग, पेंटिंग, चित्रकला, रंगोली का आयोजन कर बच्चों के समर कैंप को और भी आकर्षक बनाया गया।

द्वितीय चरण का भी होगा आयोजन

वर्तमान में समर कैंप का द्वितीय चरण शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार 20 मई से पुनः प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें जिले से निर्धारित दिवस अनुसार कार्यक्रम का आयोजन शाला परिसर में किया जायेगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल, बीआरसी शैलेंद्र मिश्रा ने संकुल प्राचार्य, सीएसी एवं समस्त स्टाफ छपोरा को सफल आयोजन के लिये बधाई दिए।

एक नजर

दहेज में कार नहीं मिलने पर पत्नी को किया प्रताड़ित, पति व तीन पर जुर्म दर्ज

कोरबा, 20 मई। विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करने थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फ्रिज कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते। बार- बार की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आखिरकार वह घर छोड़ कर मायके आ गई। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास व देवर पर केस दर्ज कर लिया है।

सात फेरे लेने से पहले दूल्हा दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

कोरबा, 20 मई। बारात रवाना होने तैयार पूर्ण हो चुकी थी और दुल्हे को सात फेरे लेने में कुछ ही घंटे शेष रह गए थे। इसके पहले ही दैहिक शोषण की शिकायत पर दुल्हा बारात लेकर जाने के बजाए पुलिस के साथ जेल पहुंच गया। सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस के समक्ष क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने आकर शिकायत दर्ज कराई कि सक्ती के ग्राम डभरा में रहने वाला नंदलाल निषाद के साथ उसका प्रेम संबंध है और नंदलाल ने विवाह करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में विवाह करने के नाम पर टालमटोल करते रहा और अब दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और एक टीम डभरा के लिए रवाना किया। जहां बारात रायगढ़ जाने के लिए निकलने की तैयारी चल रही थी, इसके पहले ही पुलिस ने दुल्हा बने नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफधारा 376 के तहत मामला कायम कर वैधानिक कार्रवाई की और न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। दुल्हा के गिरफ्तार होने की सूचना मिलते ही दुल्हन पक्ष के घर में तैयारी धरी की धरी रह गई।

35 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

कोरबा, 20 मई। आबकारी विभाग का सूचना मिली कि ग्राम सकरेली (बा) निवासी दूजराम लहरे(30) पिता बहेलिया अपने घर में बड़ी मात्रा में महुआ शराब छिपाकर रखा हैऔर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम गांव पहुंची और दूजराम के घर की तलाशी ली। जहां दो प्लास्टिक के डिब्बा में 35 लीटर महुआ शराब मिला। टीम ने आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

गैस सिलेंडर से भरे ट्रक ने एसईसीएल कर्मी को रौंदा, मौत

कोरबा, 20 मई। कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम लमना के पास हुई घटना में एक एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दुर्घटनाकारित वाहन चालक मौके से फरार हो गया था, पर बांगो पुलिस ने घटना स्थल से दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत कर्मी शिव नारायण गुप्ता 40 वर्ष ड्यूटी समाप्त कर कुसमुंडा से अपने गृहग्राम भटगांव दुपहिया दो पहिया वाहन से जा रहा था। इसी दौरान कटघोरा- अंबिकापुर मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम लमना के पास मोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार रसोई गैस लोड ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 6904 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में शिवनारायण का सिर वाहन की चपेट में आ गया। इससे उसकी स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर बागों पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया।इसके साथ ही दुर्घटनाकारित वाहन की पतासाजी शुरू की गई। तब वाहन दो किलोमीटर दूर सड़क किनारे एक ढाबे के पास खड़ी मिली। सिर का हिस्से के कुछ अवशेष ट्रक के सामने के हिस्से में चिपके हुआ था, पर वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया। साथ ही वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया।

सड़क हादसे में फिर गई बाइक सवार युवक की जान

कोरबा, 20 मई। जिले में सड़क दुर्घटनाएं कम होने की नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की जान चली गई है। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव स्वजनों को सौंप दिया है। कटघोरा थाना अंतर्गत यह घटना छुरी- कटघोरा के बीच घटित हुई। बताया जा रहा है कि ग्राम छुरी निवासी केशव चैहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा किसी कार्यवश जा रहा था। इसी दौरान मार्ग में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उसे कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। जहां प्राथमिक उपचार के स्थिति गंभीर देखते हुए उसे कोरबा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, पर यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध कायम कर पुलिस पतासाजी कर रही है। यहां बताना होगा कि जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार होना है। चालक वाहन तेज गति से चला रहे हैं और अनियंत्रित होने पर टक्कर हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग समेत जिले की शायद ही कोई सड़क होगी, जहां दुर्घटना न हो रही हो। पुलिस द्वारा वाहनों की गति पर अंकुश लगाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, पर रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है।

चिकित्सा शिविर में 385 लोगों ने कराई जांच

आदिगौण ब्राह्मण समाज के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लोगों ने उठाया लाभ, विशेषज्ञ डाक्टरों ने किया पंजीकृत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 20 मई। कहते है डॉक्टर भगवान का दूसरा स्वरूप होता है और जब भगवान रूपी डॉक्टर स्वयं चलकर अपने भक्तों के पास आ जाए तो भक्तों की खुशी का अंदाजा ही दुगना हो जाता है, ऐसा ही नजारा नगर के कुंदन भवन में रविवार को आदि गौड ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में देखने को मिला, जिसमें अपोलो बिलासपुर से आए डॉक्टरों से मिलकर काफी ज्यादा मात्रा ने लोगो ने शिविर का लाभ उठाया।

रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कुंदन भवन में रविवार को श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 385 लोगो ने पंजीयन करा कर शिविर का लाभ उठाया। इस चिकित्सा शिविर में अपोलो बिलासपुर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जी एस असाटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि शर्मा, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ अविनाश गुप्ता, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ मंदार गोकते, चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ भाव्या स्वर्णकार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ कीर्तिगा के, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कोसले ने अपनी सेवाएं दी।वही अपोलो हॉस्पिटल के अनुभवी स्टाफ ने भी अपनी सेवाए दी।इसके अलावा शिविर में टाइटन आई द्वारा आंखो की जांच कर उन्हें सलाह मशविरा दिया गया।इस शिविर मेंस्त्री रोग विशेषज्ञ सहित महिला चिकत्सकों द्वारा महिलाओं के साथ संवाद कर महिला संबंधी रोगों को रोकने एवं उनसे बचाव के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए गए।इस दौरान महिलाओं के द्वारा पूछे गए सवाल एवम उनकी जिज्ञासा को भी बहुत ही अच्छे ढंग से महिला डाक्टरों की टीम ने जवाब दे कर अपने ओपिनियन उनके समक्ष रखा, जिससे महिलाए काफी खुश हुई और उनके मन में आ रहे विचारों को विराम मिला।

इसके पूर्व इस शिविर का शुभारंभ समाज के महिला पुरुषों के द्वारा भगवान श्री परशुराम की पूजा अर्चना के साथ हुआ।शिविर में सेवाएं देने आए सभी चिकित्सकगणों का कुंदन भवन पहुंचने पर तिलक लगाकर, माला पहनाकर, गुलदस्ता भेट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

मरीजों को दिया गया फ्रूट्स एवं जूसः आयोजन में शामिल होने मरीज बनकर आए लोगों एवं उनके सहयोगियों के लिए आदि गौड ब्राह्मण समाज द्वारा केला, सेव, ऑरेंज जूस और लीची जूस के साथ साथ ठंडा पानी की व्यवस्था की गई थी, जिससे शिविर में आए लोगों ने व्यवस्था से काफी खुश नजर आए।

डाक्टरों को दिया गया मोमेंटो : शिविर में अपोलो बिलासपुर के आए सभी चिकत्सकों को विप्र फाउंडेशन महिला शाखा के द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमेंटो और गुलदस्ता भेट कर उनकी सेवाएं के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिविर को सफल बनाने में श्री आदि गौड ब्राह्मण समाज, विप्र फाउंडेशन महिला शाखा, युवा मंच के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पुलिस ने अमर गुफा के जैतखंभ में तोड़फोड़ के मामले का किया खुलासा

ठेका का साढ़े चार लाख रुपए नहीं देने पर आरोपियों ने की थी तोड़फोड़, तीन गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 20 मई। 15 मई के दरमियानीं रात को गिरौदपूरी के जैतखंभ से 5 किमी दूर महाकोनी गाँव में अमर गुफा के जैतखंभ को अज्ञात आरोपी द्वारा तोड़फोड़ और नष्ट करने पर चौकी गिरौदपूरी में आईपीसी 295 के तहत अपराध पञ्जीबद्ध किया गया था।आरोपी पतासाजी के दौरान पता चला कि भोजराम अजगल्ले जो ठेकेदारी का काम करता है उसके द्वार गाँव महकोनी में नल जल मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था जिसका ठेका उसने 4.50 लाख में आरोपियों को दिया था। शुरुआत में ठेकेदार द्वारा 100000 रू ही भुगतान किया गया था जबकि कार्य 90 प्रतिशत हो जाने पर भी बाकी रक़म का भुगतान नहीं किया जा रहा था। आरोपियों के द्वारा कार्य भुगतान माँगने पर ठेकेदार द्वारा गाली गलौज दिया जाता था।

संपूर्ण जांच एवं विवेचना क्रम में ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण करने वाले 03 आरोपियों को दबोचा गया, जिनसे कड़ाई से पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने अमर गुफा में स्थित जैतखाम को काटना एवं लोहे के गेट में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया। आरोपियों से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसमें यह बात सामने आई कि- सभी आरोपी ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के माध्यम से ठेका राशि 4,50,000 में कर रहे थे। जिसका काम लगभग 90त्न पूरा होने के उपरांत भी भोजराम अजगल्ले द्वारा बकाया राशि आरोपियों को नहीं दिया गया था। आरोपियों द्वारा बार-बार बकाया रकम मांगने पर भी ठेकेदार द्वारा रकम वापस नहीं किया जा रहा था, जिसके कारण आरोपी ठेकेदार से नाराज चल रहे थे।

आरोपियों के अनुसार ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के द्वारा बकाया रकम न मिलने के कारण एवं अत्यंत क्षुब्ध होकर अमर गुफा में तोड़फोड़ करने की योजना बना डाली। योजना अनुसार तीनों आरोपियों द्वारा शराब का सेवन कर 15 मई की रात्रि 11:30 बजे लगभग अपनी बजाज मोटरसाइकिल में बैठकर आरी एवं अन्य सामान लेकर अमर गुफा गए। तीनों ने गुस्से में आकर सतनामी समाज के प्रतीक जैतखाम को आरी से काट दिया तथा लोहे के गेट को उखाड़ कर तोड़फोड़ कर दिया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त आरी एवं मोटरसाइकिल जप्त किया गया है तथा तीनों आरोपियों को विधिवत्त गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष जुडिसियल रिमांड पर भेजा जा रहा है।

आरोपियों के नाम

- सल्टू कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी
- पिंटू कुमार ज़िला जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी
- रघुनंदन कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी

समाचार संक्षेप

सेवा कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री साव ने मानव सेवा समितियों को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह

भाटापारा, 20 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। होटल सिंघानिया सरोवर पोर्टिको रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित समर्पण सम्मान समारोह में अरुण साव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रदेश के विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के साथ ही मानव उत्थान सेवा समिति एवं मानव सेवा दल छत्तीसगढ़ के विभिन्न आश्रमो द्वारा आयोजित स्कूली शिक्षा, वृक्षारोपण, चिकित्सा सेवा, जन जागरण अभियान, सफाई अभियान, महिला उत्थान एवं वृद्धा सेवा आदि विभिन्न सेवा कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

उक्त कार्यक्रम में उग्रसेन पटेल प्रान्तपाल मानव सेवा दल छत्तीसगढ़, गणेश साहू उप प्रान्तपाल, लच्छु देशमुख प्रान्त प्रशिक्षक, हुलास साहू द्वय, नेतराम पटेल, राजेश निषाद, राजू मानिकपुरी, सखन आयाम, अश्विनी कुर्रे, विजयलक्ष्मी साहू, धनेश्वरी रेगे, सत्यप्रकाश साहू, हेमन्त साहू, खोमेंद्र साहू, शुभम, रूपांशु, श्याम निषाद, येम लाल, चन्द्रप्रकाश, अनिल रेगे, टिकेश्वर, प्रहलाद, अश्वनी सिन्हा उपस्थित रहे।उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी गणेश साहू ने दिया।

दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़ तीन लाख के जेवरात चोरी

कोरबा, 20 मई। दुकान के स्टोर का सेंटर लाक तोड़ने में असफल रहने पर चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़ा और अंदर घुस कर नकद राशि समेत सोने- चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कीमत लगभग तीन लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत यह घटना कटघोरा- कासनिया मुख्य मार्ग के किनारे स्थित कान्हा स्टोर में घटित हुई। नीचे दुकान और उसके ऊपर एक मंजिला मकान बना हुआ है। कान्हा स्टोर के संचालक आशु मित्तल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात दुकान बंद कर अपने घर चले गए और खाना खाकर सो गए। सुबह जब नींद खुली, तब दुकान में चोरी होने की जानकारी मिली। दुकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ और गल्ला भी टूटा था। चोरों ने चांदी के सिक्के, सोने के जेवरात समेत लगभग तीन लाख का सामान पार कर दिया था। इसके अलावा चोरों ने अन्य कमरों में भी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। दुकान संचालक आशु मित्तल की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है। चोरी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धरम तिवारी अपने स्टाफके साथ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थल निरीक्षण करने के साथ ही जांच कार्रवाई शुरू की। डाग स्क्वायड की भी मदद ली गई और डाग बाघा ने के माध्यम से आरोपितों का पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने दुकान संचालक व उसके स्वजनों का बयान लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपितों की पतासाजी शुरू कर दी गी है। डाग स्क्वायड की मदद से चोरों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही आरोपित पकड़ लिए जाएंगे।

थानेदार ने अधिवक्ता को दी जेल भेजने की धमकी, एसपी से शिकायत

कोरबा, 20 मई। बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ निरीक्षक पर न्यायालय के आदेश की अवेहलना और अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने एसपी से लिखित शिकायत की है। साथ ही निरीक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को अधिवक्ता संघ कटघोरा ने पत्र सौंपा है। सचिव अमित सिन्हा की ओर से जारी पत्र में कहा है कि बांकीमोंगरा थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना ने फोन के माध्यम से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद सोनी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जेल भेजने की धमकी दी। अधिवक्ता संघ कटघोरा द्वारा प्रथम अपर जिला न्यायालय कटघोरा एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशों का अवलोकन किया। जिसमें अधिवक्ता प्रमोद सोनी द्वारा न्यायालयीन आदेशानुसार विविधत निष्पादन (कब्जा दिलाने संबंधी) कार्रवाई किया जाना दर्शित है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी बांकीमोंगरा प्रमोद डडसेना द्वारा न्यायालय आदेश की अवहेलना करते हुए संबंधित प्रकरण में अधिवक्ता द्वारा विधिवत किए गए कार्य संपादन को अवैध मानते हुए अधिवक्ता के साथ फोन पर अभद्रता करते हुए प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी गई। अधिवक्ता संघ की बैठक में प्रस्ताव पारित कर इस कृत्य की घोर निंदा की है। साथ ही थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा करते हैं। अधिवक्ता सिन्हा ने बताया कि शिकायत के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन से चर्चा करने के बाद संघ जल्द ही आगे कार्रवाई करेगा।

मेरिट में आये छात्रों से ओबीसी संगठन के पदाधिकारियों ने मिलकर बधाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 20 मई। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बीते सप्ताह 10 वीं, 12 वीं की वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेहनतकस ओबीसी वर्ग समाज में इस वर्ष भी काफी संख्या में प्रतिभावान छात्र -छात्राओं ने मेरिट में स्थान पाया है।ओ.बी.सी. संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू के दिशा निर्देश में प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों ने उन छात्रों के घर जाकर मुलाकात कर उन्हें मिठाई देकर बधाईयां प्रेषित किये।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायरसेकंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम में धमतरी जिले के तीन विद्यार्थियों ने टॉप टेन में अपना स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है।

12वीं की परीक्षा में मगरलोड ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम भोथीडीह के होनहार छात्र समीर चक्रधारी ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं हाई स्कूल दसवीं में सेजेस कुरूद के छात्र आयुष सोनकर ने 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान पाया तो वही मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी नगर के छात्र अक्षत सिन्हा 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ 10वां स्थान पाया है।संगठन ने उन छात्रों के घर जाकर उनकी सफलता व संघर्ष की जानकारी लिये ओबीसी संयोजन समिति ने छात्रों को उनके संघर्ष में सदैव साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया।

मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, जिला प्रभारी समारू सिंहा, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष षडानंद साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा व जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ के अविनाश साहू सम्मिलित रहे।

कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का हिस्सा टूटकर गिरा

कोरबा 20 मई। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का एक हिस्सा अचानक गिर गया। घटना के वक्त कर्मचारी भोजन अवकाश पर गए थे, इसलिए किसी तरह की अप्रिय घटना टल गई। इस घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की मेगा परियोजना कुसमुंडा में बंकर का निर्माण किया जा रहा है। ताकि कोयला को सीधे कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ऊपर भेजा जा सके। बंकर का निर्माण कार्य आरवीआर इंफ्रा स्ट्रक्चर प्राइवेट कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 450 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। शनिवार की दोपहर 1.30 बजे बंकर के अंदर एक पुल्ली नुमा लोहे की भारीभरकम पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरने लगा और लोहे के लगे बड़े स्लैब उससे धक्का लगने पर अपने स्थान से खिसकने लगा।

कोपेडीह को नशामुक्त करने की कवायद जारी

दूसरे चरण की बैठक में नशामुक्त समाज बनाने एकजुट दिखे लोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 20 मई। भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम कोपेडीह में जिला सतनामी समाज के पदाधिकारीयों कि उपस्थिति मे ग्रामवासियों ने नशा से दूर रहने की ठान लिया है। कोपेडीह के ग्रामीणों ने समाज की मुख्यधारा से जुड़कर स्वस्थ नशामुक्त समाज की कल्पना कर रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक कोपेडीह के ग्रामीण वर्षों से नशा के गिरफ्त रहे है।जिससे यहां के ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं को सामना करना पड़ता था।जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में जिला सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारी कोपेडीह में बैठक कर पूर्ण नशाबंदी का ऐलान कर दिया है।जिसे ग्रामीणों ने सहर्ष स्वीकार किया है। अध्यक्ष कपिल देशलहरे ग्राम कोपेडीह में रैली निकालकर डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर नशे से दूर रहने की अपील किया है।जिससे प्रेरित होकर कई लोग इस मुहिम से जुड़ गए। नशाबंदी अभियान का युवाओं पर खासा प्रभाव दिखा।

वहीं सतनामी समाज के प्रमुख सलाहकार डॉ.सुरेंद्र कुर्रे ने बताया हमारा समाज कोई दलित शोषित समाज नही है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व 1881 के जनगणना में हमारी गिनती सतनाम धर्मी के रूप में होता था।छतीसगढ में सतनाम धर्म को श्रेष्ठ माना जाता था।सतनामी समाज के लोग मालगुजार हुआ करते थे, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी, अधारी दाऊ, भैयालाल टंडन, थुकेल दाऊ, पुरेना से किशन दाऊ, भेंडरा से जांगड़े दाऊ, जैसे गौटिया लोग है।

सतनामी समाज के प्रखर वक्ता दीपचंद भारती ने बताया कि बीस वर्ष पहले भी उन्होंने ग्राम कोपेडीह में नशाबंदी अभियान चलाया था।जिसमे बीस परिवार जुड़े थे।जो आज तक नशे से दूर है।ऐसे ही संकल्प आज पूरा गांव को लेने की ज़रूरत है।उन्होंने कहा कि रोजी रोज़गार ऐसा हो जिससे परिवार को यश, मान प्राप्ति हो जिससे समाज का सम्मान बढ़े और पूरा समाज गौरान्वित हो। इस अवसर पर प्रमुख सलाहकार डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, उपाध्यक्ष परमेश्वर जांगड़े, महासचिव चंद कुमार बंजारे, सचिव मणीकांत जोशी, दीपचंद भारती कोषाध्यक्ष, संगठक मंत्री मोहन जांगड़े, संचालक मंडल रामेश्वर कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण राजेन्द्र भारती, शहर अध्यक्ष अमर दास बंजारे, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी भोज लहरे, युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, जनपद सदस्य विजय गायकवाड़, मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश रात्रे, मीडिया प्रभारी प्रीतम टंडन, रमेश गायकवाड़ जीतेंद्र जांगड़े उडेना, कोपेडीह से ग्रामीण अध्यक्ष देवव्रत बंजारे, व्यास खूटे कमलेश्वर बंजारे, बलराम महिलांगे, दाऊलाल कुर्रे, कमलेश मनहरे, रेशम मनहरे, अशोक माथुर, दौलत कुर्रे, नोहर सिंह चंदेल, जयनारायण खुटे, देवा बंजारे, टोमन खूट, राकेश खुटे, कलेश्वर रात्रे, सेवत्री बाई, लता खूटे, पिंकी खूटे, रबिका खूटे, रामेश्वरी खुटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

एक नजर

पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर, 20 मई। श्याम स्कवायर पार्किंग पंडरी में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्मृति सेन 23 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचयू 3450 को पंडरी के श्याम स्कवायर पार्किंग में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

महिला व उसके रिश्तेदारों से मारपीट

रायपुर, 20 मई। ठाकुरदेव मंदिर के पास जोरापारा में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक महिला व उसके परिवार वालों से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता साल्वे 36 वर्ष ठाकुर देव मंदिर के पास जोरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी देवेश सोनेकर, पुनेश व दिनेश सोनेकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया व उसकी बहन गुंजा, दामाद प्रदीप यादव व उसके भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

माल की अफरातफरी कर चालक फरार

रायपुर, 20 मई। ट्रक चालक ने 3 लाख 98 हजार रुपए के स्पंज आयरन का अफरा तफरी कर वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पी-किशोर 30 वर्ष खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि ट्रक के चालक आरोपी ने संबलपुर से कुल 64480 मिट्रीक टन स्पंज आयरन लेकर सिलतरा के लिए निकला था, जो ग्राम टेकारी के पास 10310 मिट्रीक टन स्पंज आयरन और वाहन को छोड़कर भाग निकला।

10 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 20 मई। सिविल लाइन पुलिस ने राजातालाब में जुआ खेलते 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजातालाब निवासी प्रेम सोनकर के घर छत पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रेम सोनकर 21 वर्ष सहित अन्य 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 21500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 8 गिरफ्तार

रायपुर, 20 मई। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास सरेआम शराब पीते आरोपी शंकर यादव 25 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी निरंजन पटेल 31 वर्ष व ध्रुव पटेल 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी हरीश महतो 20 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी दिलीप जाल 41 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी राकेश चौरसिया 35 वर्ष व रूपेश पटेल 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी पुरूषोत्तम साहू 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

निधन

रविन्द्र पुरी गोस्वामी



रायपुर, 20 मई। चंगोराभाठा निवासी रविंद्र पुरी गोस्वामी उर्फ रवि का स्वर्गवास हो गया है, उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 1.00 बजे महादेव घाट के लिए निकलेगी। नरेंद्र पुरी गोस्वामी एवम योगेंद्र पुरी गोस्वामी, पप्पू महाराज के छोटे भाई व स्वर्गीय के. एल गोस्वामी के पुत्र थे।

रविविः केंद्रीय मूल्यांकन करने वाले प्राध्यापकों का वेरीफिकेशन नहीं

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 20 मई। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम निर्धारित समय पर घोषित करने के लिए केंद्रीय मूल्यांकन शुरू हो गया है। प्राध्यापकों ने शिकायत की है कि केंद्रीय मूल्यांकन में जिन प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है उनका वेरीफिकेशन नहीं किया जा रहा है जिसके कारण वे अपने विषय के अंतर्गत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन न कर अन्य विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं।

रविशंकर विवि के अंतर्गत 130 से अधिक महाविद्यालय आते हैं। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षाएं समाप्त हो गई है। शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार इनके परिणाम निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार घोषित किया जाना है। विवि प्रशासन ने विवि स्थित परिसर में केंद्रीय मूल्यांकन कक्ष बनाया है जिसमें विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए प्राध्यापकों को बुलाया जाता है। नियमानुसार जो प्राध्यापक जिस विषय को पढ़ाते हैं उन्हें ही निर्धारित विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना चाहिए। प्राध्यापकों ने शिकायत की है कि दर्शन

शास्त्र की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए अन्य विषय के प्राध्यापकों को भेजा जा रहा है जो कि गलत है। इसी तरह पर्यावरण एवं अन्य विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए निर्धारित प्राध्यापकों के अलावा अन्य विषय के विषय विशेषज्ञों को भेजा जा रहा है।

प्राध्यापकों ने कहा कि मूल्यांकन करने के पहले प्राध्यापकों के विषय एवं अन्य संबंधित जानकारी ली जानी चाहिए। इसके पश्चात प्राध्यापकों को मूल्यांकन ड्यूटी में लगाना चाहिए। विवि में स्नातकोत्तर स्तर की उत्तर पुस्तिकाओं को अन्य विवि में भी भेजा जाता है। इसके कारण काफी विलंब होता है। विवि इस वर्ष निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षाफल घोषित करना चाहता है।

महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाईन शुरू

रविशंकर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में ऑनलाईन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विज्ञान महाविद्यालय, बजरंग कन्या महाविद्यालय एवं अन्य शासकीय महाविद्यालयों में कम्प्यूटर, साइंस एवं नए विषयों की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। जिसके चलते कट ऑफ मार्क्स 90 प्रतिशत से ऊपर चला जाएगा। राज्य में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। निजी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राध्यापकों की कमेटी बना दी गई है। वे कुल प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करेंगे। प्रवेश की प्रक्रिया 1 माह तक चलेगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों का भी इंतजार करना होगा। इस संबंध में रजिस्ट्रार से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इंकार दिया।

अव्यवस्था

रायपुर, 20 मई। यह तस्वीर शास्त्री चौक की है। बेतरतीब ऑटो रिक्शा के कारण राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल हो गई है।

राजधानी में बढ़ी गर्मी

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 20 मई। राजधानी में आज प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दोपहर 12 बजते ही शहर की प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। मौसम विभाग के अनुसार मराठवाड़ा से लेकर विदर्भ तक एक द्रोणिका बनने से तेज अंधड़ के साथ छींटे पड़ने का पूर्वानुमान है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार राज्य के दक्षिणी क्षेत्र कहे जाने वाले जगदलपुर संभाग में तेज हवा के साथ वर्षा होने से मौसम बदल गया है। सेंट्रल क्षेत्र कहे जाने वाले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण बस्तर में इस समय बेमौसम वर्षा होने के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रभावित हो रहा है। यहां पर उच्च क्वालिटी के तेंदूपत्ता खराब हो रहे हैं। इसके साथ ही आम की फसल भी चौपट हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आज अधिकतम तापमान 43 डिग्री से अधिक रहने

■ मराठवाड़ा से विदर्भ तक द्रोणिका बनने से छींटे पड़ने की संभावना

की संभावना है। बेमौसम वर्षा के चलते लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरित असर पड़ रह है।

मेकाहारा की पीआरओ के अनुसार भीषण गर्मी में लू लगने तथा डायरिया होने की शिकायतें आ रही है। इसलिए लोगों से अपील की गई है कि वे साफ पानी पिएं। घर से भोजन करके ही निकलें। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी होने के कारण कई लोग बाहर यात्रा पर गए हुए हैं। इस समय विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।

ऑटो नाले में गिरी बच्ची की मौत

रायपुर, 20 मई। राजधानी रायपुर से एक सड़क हादसे की खबर आई है। इस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई है। वाहन एक ही परिवार के 6 से 7 लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना विधानसभा थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव की है। यहां पचेड़ा से नरदाह के बीच निर्माणाधीन सड़क पर नाले में सवारियों से भरा ऑटो पलट गया।

इस हादसे में एक ही परिवार के 6 से 7 लोग घायल हो गए। वहीं एक 12 साल की नाबालिग बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने 5 घायलों को इलाज के निजी अस्पताल भेजा है। इनमे से 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रायपुर लोकसभा : मतगणना के लिए कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 20 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देश पर आज रायपुर लोकसभा के लिए मतों की गणना करने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आयोग के अधिकारियों ने प्रत्येक चक्र में होने वाली गिनती एवं टेबुलेशन चार्ट को सावधानीपूर्वक बनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार दुर्ग तथा बिलासपुर में संभागवार प्रशिक्षण खत्म हो चुका है। अब रायपुर संभाग के लिए प्रशिक्षण आज दिया जाना है। रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले विधानसभाओं के गणना करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण में सभी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में रायपुर शहर के चार विस के अलावा आरंग, अभनपुर और धरसींवा के मतों की गणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल एवं 64 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदान केंद्र के अनुसार ईवीएम मशीनों की संख्या का मिलान करने के पश्चात इसे टेबल में रखा जाएगा। प्रत्येक चक्र की गणना में जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं एआरओ के हस्ताक्षर होंगे। सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज मे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

किए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा पेयजल व नाश्ते की व्यवस्था भी रहेगी।

आयोग के निर्देशानुसार पूरे भारत में चार जून को एक साथ सुबह सात बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा क्षेत्र हैं। अनेक लोकसभा क्षेत्र तीन लोकसभा क्षेत्रों में आते हैं जिसके कारण परिणाम आने में काफी विलंब होगा। रायगढ़ लोकसभा के अंतर्गत रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भौगोलिक सीमा कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर जिला, बिलासपुर लोकसभा की सीमा बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के अंतर्गत 65 मतदान केंद्र, राजनांदगांव में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ तथा कवर्धा जिले आते हैं। सभी 33 जिलों में मतों की गणना का कार्य होगा।

युवती पर चाकू से हमला

रायपुर, 20 मई। घर के बाहर बैठी एक महिला किराना कारोबारी पर एक बदमाश ने जानलेवा हमला कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कोटा कॉलोनी में निवासी 26 वर्षीय अविवाहिता किराना कारोबारी देर रात अपने पड़ोसी के साथ खाना खाकर दुकान के पास बैठी हुई थी। तभी इलाके का बदमाश महेन्द्र धीवर मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जिसको मना करने पर आवेश में आकर अपने साथ लाया धारदार चाकू पहले पीड़िता के गर्दन पर टिकाया। जिसको साथ में मोहल्लेवासियों ने मना किया लेकिन आरोपी महेन्द्र धीवर ने मोहल्लेवासियों को भी धमकाते हुए चाकू मारने का भय दिखाकर पीड़िता के कमर और शरीर पर कई वार कर दिये। बताया जा रहा है कि पीड़िता की छोटी बहन आरोपी के दोस्त के साथ ही गांव से कहीं चली गई है। उसी बात की रंजिश के चलते ये चाकू मारा है। वारदात के बाद आरोपी महेन्द्र धीवर मौके से फरार हो गया और घायल पीड़िता को मोहल्लेवासी पुलिस के साथ एम्स अस्पताल ले गए। हालांकि पुलिस ने चाकूबाजी की घटना को मामूली मारपीट, गाली-गलौज और धमकाने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

देश में 22 प्रतिशत आमदनी और चालीस फीसदी संपत्ति एक फीसदी के पास जा रही

रायपुर, 20 मई। देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉक्टर पराकला प्रभाकर ने चेताया है कि देश में असमानता भयावह स्तर पर है, और इस ओर त्वरित कार्रवाई की ज़रूरत है।लंदन स्कूल ऑफइकनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त डॉ पराकला प्रभाकर ने बेहद सरल शब्दों में देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था को समझाया और साथ ही बेहद सधे अंदाज में देश के मौजूदा हाल पर चुटकी लेकर लोगों को हंसाया भी। डॉ पराकला प्रभाकर रोटरी क्लब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रायपुर आए थे।

डॉक्टर पराकला प्रभाकर ने कहा कि, अगर आँकड़ों की बात करें तो देश में 1 फ़ीसदी वर्ग के पास 22 फ़ीसदी आमदनी और उसी 1 प्रतिशत के पास चालीस फ़ीसदी संपत्ति है, यह असमानता विश्व में सबसे ज़्यादा है, और इस ओर सबका ध्यान जाना चाहिए। डॉ पराकला प्रभाकर ने कहा -2022 में रेल्वे ने 35 हज़ार पदों के लिए भर्ती निकाली, उस भर्ती के लिए एक करोड़ 25 लाख युवाओं ने फ़ॉर्म भरे थे। जो लोग बेरोज़गार हैं उनमें अस्सी फ़ीसदी युवा हैं।

डॉ पराकला प्रभाकर ने सभा को संबोधित करते बताया कि, बेरोज़गार युवाओं की लंबी क़तार युद्धग्रस्त गाजा और यूक्रेन जाने के लिए तत्पर है। डॉ पराकला प्रभाकर ने कहा -हैदराबाद में एक युवा का शव जब यूक्रेन से आया तो पता चला कि, भारत से बहुत सारे लोग यूक्रेन जा रहे हैं वहाँ रुस इनकी भर्ती कर रहा है।गाजा में जंग चल रही है। इस्त्राईल ने अपने देश से फ़िलिस्तीनी नागरिकों को निकाला जो वहाँ काम करते थे। उनकी जगह उसने मित्र देशों पर नज़र डाली। भारत के यू पी,महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश राजस्थान में भर्ती की क़वायद की,वहाँ युवाओं की भीड़ लग गई।

पूजा-पाठ का निःशुल्क प्रशिक्षण देगी ब्राह्मण सभा

रायपुर, 20 मई। सरयूपारीण ब्राम्हण सभा कार्यकरिणी की बैठक डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें कई निर्णय लिए गये। सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष के द्वारा आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत कर विवरण दिया गया।भवन में पुरानी हो चुकी वायरिंग के नवीनीकरण व दोनो ओर कनेक्शन के प्रस्ताव को सहमति दी गई। नगर के छोटे छोटे मंदिरों में पूजन कर रहे पंडितों को विधि,विधान शास्त्रों की निशुल्क शिक्षा देने का प्रस्ताव पारित किया गया।समाज के लोगों द्वारा पुराण,भागवत आदि के लिए अल्प राशि मे भवन देने का प्रस्ताव पारित किया गया। अंत मे सरयूपारीण ब्राम्हण महिला सभा की प्रथम अध्यक्ष स्व सुमन पाठक के बड़े दमांद व डॉ अजय पाठक ,संजय पाठक के जीजा श्री विजय दुबे काकू भाई पूर्व मंत्री म,प्र,एवम कार्यकरिणी सदस्य देवेंद्र मिश्रा (पप्पू बजरंग होटल) की माता श्रीमती प्रभा देवी दोनों के असमय निधन होने पर पुष्पांजलि व मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सर्व श्री डॉ सुरेश शुक्ला आचार्य यदुवंशमणि त्रिपाठी, कल्याण प्रसाद पांडे,विजय शंकर पांडे,कैलाश तिवारी, आर एल द्विवेदी, संजय तिवारी ,प्रमोद शर्मा संगमलाल त्रिपाठी डी एस परोहा,राजेन्द्र शर्मा ,शैलेश शर्मा दिनेश मिश्रा बी डी मिश्रा, डॉ विजय शंकर मिश्रा, संजय पाठक गिरीश दुबे, राममूरत तिवारी, रामहृदय तिवारी विनोद पाण्डे,त्रिभुवन तिवारी, बैजनाथ मिश्रा, बिनोद पान्डेय, राजेश मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

आवश्कता है
शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।
संपर्क करें -98261 74789

40 पार भी नहीं कर पाएगी कांग्रेसः विजय शर्मा

रायपुर, 20 मई। देशभर में आज लोकसभा चुनाव के लिए पांचवे चरण का मतदान हो रहा है। 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। इसके साथ ही ओडिशा की 35 विधानसभा सीटों पर भी मतदान जारी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच लगातार कई दिग्गज नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा का चुनावी परिणाम को लेकर बड़ा बयान सामने आया है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने चुनाव परिणाम को लेकर बयान करते हुए कहा कि, इस बार के चुनाव में कांग्रेस 40 पार भी नहीं जाएगी। कांग्रेस ने इसी बार चुनाव लड़ा ही नहीं। इस बार के लोकसभा चुनाव

में कांग्रेस ने इतिहास में सबसे कम सीटो पर अपने उम्मीदवार उतारे है। कांग्रेस ने सरकार बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ा है। अब उन्हें देखना है की कैसे पार्टी को बचाया जाए। कैसे पार्टी को परिवारवाद से बचाया जाए, संघर्ष का रास्ता कैसे बनाए, किसानों और आदिवासियों के लिए काम करे।

वहीं, नक्सलवाद पर बात करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, सरकार एनकाउंटर के पक्ष में नहीं है, सरकार बातचीत के जरिए रास्ता निकालना चाहती है। एनकाउंटर सरकार की रणनीति का 20 हिस्सा भी नहीं है। सारा अभियान सामाजिक पक्ष का है, पुनर्वास का है, विक्टिम रजिस्टर का है, आत्मसमर्पित नक्सलियों का है। डिप्टी सीएम शर्मा ने आगे कहा कि, नक्सलियों के खिलाफजो भी कार्रवाई की जा रही है इसका परिणाम कुछ समय बाद दिखेगा। उन्होंने आगे कहा कि, मैं बस्तर प्रवास पर जा रहा हु, कुछ सामाजिक लोगो और पत्रकारों से भी मुलाकात होगी। इस दौरान पुनर्वास नीति को लेकर चर्चा होगी।

मोदी की संगत में कुर्सी बचाने साय भी 24 घंटा झूठ बोल रहे : बैज

रायपुर, 20 मई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा की मोदी के संगत में विष्णु देव साय सीएम की कुर्सी बचाने 24 घंटा झूठ बोल रहे हैं। मोदी विश्व में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले अव्वल नेता है। भाजपा नेताओं को झूठ बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है। लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के बाद भाजपा के नेताओं ने जितनी भी सभा की है उनमें झूठ बोलने और गुमराह करने के अलावा उन्होंने कुछ नहीं किया है। 10 साल सत्ता में रहने के बाद भाजपा नेताओं के पास मोदी की उपलब्धि की सूची नहीं है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के वादा पर भाजपा चर्चा करने से बचने के लिए कांग्रेस के पूर्व सरकारों पर फर्जी मनगढ़ंत घोटाला का आरोप लगा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के झूठ और प्रोपेगेंडा को देश की जनता समझ चुकी है और अब तक हुए चार चरणों के चुनाव में भाजपा का 400 दावा की हवा खुल गई है और जो छत्तीसगढ़ में 11 में 11 जीतने दम भर रहे थे उनको अब पसीना आने लग गया हैं। प्रदेश में जो बदलाव की लहर उठी है वो देश में भी दिख रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि संघ से जन्मजात जुड़े लोग भी अब सार्वजनिक तौर पर कर रहे हैं कि मोदी कुछ पूंजीपति के धन बल के दम पर अपना चेहरा चमकाने की राजनीति कर रहे है। भाजपा को किनारे करके दो लोग एक कंपनी की तरह बाकी कार्यकर्ताओं का शोषण कर रहे हैं। संघ से जुड़े वरिष्ठ नेता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी कहा है कि उन्हें मोदी के इस कृत्य का विरोध करना चाहिए और भाजपा बचाने के लिए सामने आना चाहिए।

बिजली गोदाम में आग की जांच में लीपापोती : कांग्रेस

रायपुर, 20 मई। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने गुढ़ियारी बिजली गोदाम में लगी आग की जांच कमेटी के रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि रिपोर्ट से ऐसा लग रहा है कि भाजपा सरकार में जो चार महीने में भ्रष्टाचार हुआ है। उस पर लीपापोती किया गया और भ्रष्टाचारियों को बचाया गया है। अग्निकांड जिस दौरान हुआ उस समय मीडिया रिपोर्ट थी इस अग्निकांड से राज्य सरकार को कम से कम 500 करोड रुपए का नुकसान हुआ है और जांच कमेटी ने मात्र 50 करोड रुपए का नुकसान बता कर सरकार के खजाने पर सेंध लगाने वालों को बचाया है। इस रिपोर्ट में किसी भी को अग्निकांड के लिये जिम्मेदार नहीं गया है न ही उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही की अनुशंसा की गई

है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मीडिया में छपी जांच रिपोर्ट में अग्निकांड की जो वजह बताई गई है वह भी हास्यास्पद है। बिजली गोदाम में घास और तेल गिरने के कारण आग लगने की बात कही गई है जबकि गोदाम पूरी तरीका से सीमेंट से बना हुआ है। इससे स्पष्ट हो गया कि गोदाम में जानबूझकर आग लगाई गई है। और ट्रांसफर खरीदी बिजली सामान खरीदी में भारी घोटाला और गड़बड़ियों की गई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार का मूल काम कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार करना है और इस काली कमाई के लिए किस हद तक जा सकती है यह बिजली गोदाम में लगी आग प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिजली गोदाम अग्निकांड के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये और बिजली कांड की जांच किसी अन्य एजेंसी से कराई जाये।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26